हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 16 अक्टूबर 2024




## फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा युवकों के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

**भिलाई।** संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही **फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर** स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र -छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार

आवेदन की अंतिम तिथि 25/10/2024

फायर सेफ्टी के कोर्स
- डिप्लोमा फायर एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी
- डिप्लोमा हेल्थ सेनिटरी इंस्पेक्टर
- सब-फायर ऑफिसर
- बी.एस.सी. फायर सेफ्टी



(DRDO),भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं **संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी,** संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र -छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लग जाती है, सभी जाति वर्ग के छात्र-छात्राओं को संस्था के द्वारा प्रतिशक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी।

**(1) पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट,(निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक- गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग, (2) कैंपस :- प्लाट नंबर 766, वार्ड नंबर 1, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़- अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:मो.7697212782**

ADVT.


# जन्मदिन पर बोले डॉ.रमन : राजनांदगांव में हुआ मेरा राजनीतिक पुनर्जन्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष और राजनांदगांव के विधायक डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन को ऐतिहासिक बनाने के लिए 15 अक्टूबर को शहर के म्युनिसिपल स्कूल मैदान में भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें प्रख्यात कवि डॉ. कुमार विश्वास, सुरेंद्र दुबे सहित देश के नामचीन कवियों ने काव्य पाठ किया। वहीं इस आयोजन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित प्रदेश के कई मंत्री उपस्थित थे।

युवा वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष भावेश बैद द्वारा विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन के अवसर पर विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सुप्रसिद्ध कवि डॉ. कुमार विश्वास, हास्य व्यंग के कवि डॉ. सुरेंद्र दुबे, गीत गजल की कवयित्री डॉ. सुमन दुबे, वीर रस की कवयित्री कविता तिवारी और हास्य कवि दिनेश बाबरा ने काव्य पाठ किया।

डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन पर आयोजित इस कवि सम्मेलन में हजारों की संख्या में श्रोता उपस्थित रहे। वहीं इस अवसर पर सभी ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन पर अपनी बधाई और शुभकामनाएं दी। डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन पर आयोजित इस विराट कवि सम्मेलन के आयोजन में शामिल होने पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित सभी मंत्रियों ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई और शुभकामनाएं दी। डा. सिंह को बधाई देने के लिए सीएम के साथ साथ मंत्री मंडल और संगठन के कई नेता शामिल हुए।

## शहर के कई आयोजनों में की शिरकत, बधाई देने सीएम साय सहित शामिल हुआ मंत्रिमंडल

### राजनांदगांव ने दी पहचान

छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह ने कहा कि राजनांदगांव ने उन्हें नाम दिया, पहचान दिया। उन्होंने कहा कि आज जिस गौरव के स्थान पर वह खड़े हैं, यह स्थान राजनांदगांव की जनता ने दिया है। डॉ. रमन सिंह ने कहा कि उनकी पैदाइश कवर्धा जिले के गांव ठाठापुर में हुई है, लेकिन उनका राजनीतिक पुनर्जन्म राजनांदगांव में हुआ है और राजनांदगांव से उन्हें पहचान मिली है। उन्होंने कहा कि मुझे यहां तक लाने में नांदगांव की जनता और भाजपा कार्यकर्ताओं का अहम योगदान है। जिसके लिए वह सभी का आभार व्यक्त करते हैं।



### कवि सम्मेलन में उमड़ी भीड़

अंतर्राष्ट्रीय कवि डॉ. कुमार विश्वास ने अपनी कविताओं से काव्य मंच को गौरवान्वित किया। वहीं हास्य व्यंग के कवि डॉ. सुरेंद्र दुबे ने राजनांदगांव की जनता को हमेशा की तरह जमकर हंसाया। गीत गजल की कवयित्री डॉ. सुमन दुबे ने इस कवि सम्मेलन में शमा बांध दिया। वहीं वीर रस की कवयित्री कविता तिवारी ने उपस्थित श्रोताओं के मन में देशभक्ति का जज्बा जगाया और हास्य कवि दिनेश बाबरा के काव्य पाठ से श्रोता लोटपोट हो गए। कार्यक्रम के मीडिया पार्टनर आईएनएच थे।

## बायोमेट्रिक नहीं कराने वाले राशन कार्ड होंगे निरस्त

# केवाईसी से तौबा: बिना जांच सवा लाख लोग ले रहे सरकारी राशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कई तरह की कवायद के बाद भी जिले के करीब सवा लाख लोगों ने अभी तक राशन कार्ड की जांच नहीं कराई है। ये वो लोग हैं, जिन्होंने अपना आधार कार्ड जमा नहीं करने के साथ ही बायोमेट्रिक भी नहीं करवाया है। राज्य सरकार की ओर से अभी अक्टूबर तक लोगों को छूट दी गई है कि वे बिना सत्यापन के भी राशन ले सकते हैं। इस वजह से अफसरों को भी नहीं पता चल पा रहा है कि राशन लेने वालों में कितने कार्ड फर्जी हैं। उनका कहना है कि जब तक सत्यापन की आखिरी तारीख खत्म नहीं हो जाती, डाटा अपडेट नहीं हो सकते हैं। इसके बाद ही यह सत्यापित होगा कि कितने कार्ड फर्जी हैं, क्योंकि बायोमेट्रिक नहीं कराने वाले लोगों के राशन कार्डों को निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

खाद्य विभाग के मुताबिक तिथि बढ़ाए जाने के बाद कई हितग्राही जिला खाद्य विभाग कार्यालय के अलावा एफपीएस व आन माध्यम से भी आवेदन कर नवीनीकरण करवा रहे हैं। नवीनीकरण के आंकड़ों को देखते हुए शासन ने एक बार फिर समय-सीमा बढ़ाकर 31 अक्टूबर कर दिया है। अधिकारियों के मुताबिक नवीनीकरण की धीमी रफ्तार का एक कारण हितग्राही परिवारों का पलायन होना है। इसके साथ ही कुछ लोगों की मृत्यु या फिर अन्य कारणों के चलते राशनकार्ड का हितग्राही नवीनीकरण कराने नहीं पहुंच पाए हैं। जिससे कार्डधारकों की संख्या में कमी आई है।

### राज्य सरकार ने अक्टूबर तक दी छूट




### तकनीकी दिक्कतें भी आई सामने

केवाईसी में तकनीकी दिक्कतें भी सामने आ रही है। कई बुजुर्ग और बच्चों के फिंगर प्रिंट नहीं आ पा रहे हैं। जिसके कारण उनकी केवाईसी नहीं हो पा रही है। वहीं कई ऐसे एपीएल परिवार भी हैं जो न तो राशन दुकान से राशन उठाते हैं और न ही वे राशन कार्ड का केवाईसी करा रहे हैं।

### करा सकते हैं नवीनीकरण

खाद्य विभाग के रविन्द्र सोनी का कहना है कि नवीनीकरण के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। हितग्राहियों की बड़ी संख्या को देखते हुए शासन के आदेश पर नवीनीकरण की समय-सीमा को बढ़ाया गया है। 31 अक्टूबर तक हितग्राही विभिन्न माध्यम से राशनकार्ड नवीनीकरण करवा सकते हैं।

### अधिकारी ने लगाई दुकानदारों की क्लास

करीब 18 फीसदी लोगों द्वारा केवाईसी नहीं कराए जाने के आंकड़े सामने आने के बाद खाद्य महकमे ने राशन दुकानदारों की भी बैठक लेकर उन्हें यह निर्देश दिए हैं कि जो लोग राशन कार्ड का नवीनीकरण नहीं करा रहे हैं, उनके फोन पर संपर्क किया जाए। उन्हें इस बात की जानकारी जरूर दी जाए कि राशन कार्ड का नवीनीकरण नहीं कराने पर उनका कार्ड निरस्त हो जाएगा।

# स्थान को लेकर पशोपेश में प्रशासन
## फटाका दुकान के लिए आवेदन 22 तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दिवाली को लेकर हर साल लगने वाले फटाखा बाजार को लेकर तैयारियां शुरू कर ली गई है। निगम ने दुकान लगाने के लिए इच्छुक लाईसेंसी से आवेदन मंगाए हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 22 अक्टूबर तय की गई है। जिसके बाद लॉटरी प्रक्रिया की जाएगी।

हालांकि अब तक प्रशासन दुकानों को लेकर स्थान का चयन नहीं कर पाया है, जिस म्युनिसिपल स्कूल मैदान में अब तक फटाखा बाजार लगाया जाता रहा है, वहां इस बार काफी विरोध देखने को मिल रहा है। ऐसे में स्थान परिवर्तन देखने को मिल सकता है।

उल्लेखनीय है कि म्युनिसिपल स्कूल मैदान में पिछले साल ही प्रशासन ने 32 लाख रुपए खर्च कर घास लगवाया है। जिसके बाद से ही खेलप्रेमी इस मैदान को अन्य आयोजनों के लिए देने का विरोध करते आए हैं। पिछले साल भी फटाखा बाजार यहां लगाने को लेकर विरोध देखने को मिला था। ऐसे में इस बार प्रशासन स्थान चयन को लेकर पशोपेश में है।




### साढ़े चार हजार फीस

नगर निगम द्वारा लाईसेंसी फटाका व्यवसायियों से अस्थाई भूखंड शुल्क जमा करने 22 अक्टूबर तक तिथि निर्धारित किया गया है। शुल्क जमा उपरांत लाटरी के माध्यम से अस्थाई भूखंड आबंटन की कार्रवाई की जाएगी। आवेदन के लिए आवेदन शुल्क एवं अस्थायी भूखंड आबंटन शुल्क राशि 4590 रुपए देकर आवेदन प्राप्त कर जमा किया जाएगा।

### भंडारा आज

**राजनांदगांव।** सार्वजनिक कालीमाई मंदिर समिति द्वारा शरद पूर्णिमा के अवसर पर कल 16 अक्टूबर को शाम सात बजे से रात्रि 11 बजे तक नंदई कोठारपारा में भंडारा का आयोजन किया गया है। पार्षद प्रतिनिधि अरूण साहू एवं आयोजन समिति ने धर्मप्रेमी जनता से उपस्थिति की अपील की है।

### जमीन बेचने के नाम पर धोखाधड़ी

**राजनांदगांव।** दूसरे की जमीन को अपना बताकर सौदा करने एवं रजिस्ट्री ना करने के मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी आवेदक मोहम्मद नासीर शिक्षक नगर चिखली निवासी ने पुलिस से शिकायत की थी कि अनावेदक लोकनाथ सोनकर द्वारा 28 अक्टूबर 2021 को ग्राम सिंघोला स्थित जमीन को दिखाकर 6 माह के भीतर आवेदक के पक्ष में रजिस्ट्री कराने का इकरार कर नगदी दस लाख रुपए एवं दो चेक के माध्यम से 10 लाख रुपए प्राप्त कर सौदा शुदा जमीन का आवेदक क्रेता के पक्ष में रजिस्ट्री नहीं कर रहे तथा उक्त रकम को वापस मांगने पर टाल मटोल किया जा रहा है। अनावेदक लोकनाथ सोनकर उक्त भूमि का स्वामी नहीं होते हुए भी जमीन की रजिस्ट्री करने का सौदा कर 20 लाख रुपए का धोखाधड़ी किया है। पुलिस ने इस मामले में अनावेदक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।


**समदा सुपरस्पेशलिटी अस्पताल**

NABH मान्यता प्राप्त

उपलब्ध सुविधाए



डॉ. दीपिका जैन
बी. डी. एस. एम. डी. एस.
(आथोर्डोंटिक्स एवं डेन्टोफेशियल सर्जन)

- सिंगल सिटिंग रूट कैनाल ट्रीटमेंट
- टेढ़े-मेढ़े. एवं बाहर निकले दांतों का उपचार (मेटल / सिरेमिक ब्रेसेस द्वारा)
- ब्लीचिंग द्वारा दांत सफेद करना
- लेजर / दांत के रंग की फिलिंग
- दांत निकालना
- मुंह कम खुलने का उपचार
- इम्प्लांट द्वारा फिक्सड दांत लगाना
- मुंह के छाले का उपचार



मिलने का समय - प्रातः 10 बजे से शाम 7 बजे तक
पता :-बसंतपुर, महामाया चौक, VIP रोड, राजनांदगांव (छ.ग.)
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें :- 7744356654

**संजीवनी नर्सिंग होम**
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

**डॉ. किशोर सांगोड़े**
MBBS, MD (Internal Medicine)

- ब्लड प्रेशर
- शुगर
- थायराइड
- बुखार
- खांसी
- छाती रोग
- पेट रोग
- किडनी
- लकवा
- माइग्रेन
- श्वास तथा हृदय संबंधित समस्या
- नसों से संबंधित बीमारियों के विशेषज्ञ

OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

खरीदी के शुभ दिन

SHOP & WIN
JEETO DHAN DHANA DHAN

प्रत्येक ₹ 9000 की खरीदी पर पायें एक लक्की कुपन और अनेक उपहार

वार्षिक उपहार उत्सव के साथ साथ प्रत्येक 2 माह में भी पाईये आकर्षक उपहार



| बंपर ड्रॉ | | |
|---|---|---|
| 1st | टाटा टिआगो | 1 no |
| 2nd | होण्डा एक्टिवा | 1 no |
| 3rd | रेफ्रिजरेटर | 3 nos |
| 4th | पार्टी स्पीकर | 5 nos |
| 5th | एयरफ्रायर | 10 nos |
| 6th | ईयर बड्स | 25 nos |

| प्रत्येक 2 माह के ड्रॉ | | |
|---|---|---|
| 1st | होण्डा एक्टिवा | 1 no |
| 2nd | आई फोन | 1 no |
| 3rd | रेफ्रिजरेटर | 1 no |
| 4th | पार्टी स्पीकर | 5 nos |
| 5th | एयरफ्रायर | 10 nos |
| 6th | ईयर बड्स | 25 nos |

Double Gold Rate Protection

ADVANCE BOOKING

त्यौहारों की भीड़ से पहले अपनी पसंद के आभूषण आज के भाव से बुक करायें।
यदि त्यौहारों में भाव बढ़ते हैं तो भी फायदा आपका और यदि भाव कम होते हैं तो कम भाव में आपको भुगतान करना होगा।
अभी से दीपावली तक कभी भी शुभ मुहूर्त में ले जायें अपने मनचाहे आभूषण।

सहेली ज्वेलर्स



हमारी शाखाएं
- भिलाई : सिविक सेंटर फोन : 9111177553
- दुर्ग : गाँधी चौक फोन : 9111177550
- रिसाली : बी.एस.पी मार्केट फोन : 9111177558

100% EXCHANGE VALUE OF OLD GOLD | 100% CERTIFIED DIAMONDS | 100% HALLMARK GOLD

All 7 Days Open | Parking Available

T&C apply*

TEAM CREATIVE ADVERTISERS

नगद खरीदें • सस्ता खरीदें
क्रेडिट व डेबिट कार्ड स्वीकार्य
दशहरा व दीपावली के शुभ अवसर पर पूरे परिवार का कपड़ा खरीदने व उपहार पाने का सुनहरा मौका
प्रशांत क्लॉथ मर्चेन्ट
थोक भाव में शहर का रिटेल कपड़ा दुकान
प्रकाश
होलसेल बाजार
Mo. 9981640064, 9993734455
सीधे कंपनी के भाव में 1 अक्टूबर से 1 नवंबर 2024 तक
सूरत साड़ी मेला
नया स्टॉक • नई डिजाईन • फुलरेंज
साड़ियां | टॉप व कुर्तियां | मेन्सवीयर | सूटिंग-शर्टिंग | हैण्डलूम
एवं समस्त रेडिमेड आइटम
शुक्ला मार्केट, चंडी मंदिर के पास, डोंगरगांव

श्री Restaurant
श्री फैमली रेस्टोरेंट
100% शुद्ध शाकाहारी
बर्थ-डे पार्टी, किटी पार्टी, एनेवर्सरी, बिजनेस मिटिंग एवं सभी अवसरों के लिये फैमली हॉल उपलब्ध है...
पार्सल सुविधा उपलब्ध
शुभम वैष्णव 87702 56822 | सुरेश वैष्णव 97521 52337
पता- माथलडबरी, डोंगरगांव (मोहड़ चौक से छुरिया रोड पर 1 कि.मी.)

## खबर संक्षेप

### छात्रों को बताया जीवन का महत्व

**डोंगरगांव।** शासकीय हाईस्कूल चारभाठा में अखिल विश्व गायत्री परिवार के जिला समन्वयक जयप्रकाश सिन्हा ने छात्रों को सर्वांगीण विकास के लिए मार्गदर्शन दिया। माइंड, मनी एवं मोबाइल के सदुपयोग पर प्रकाश डाला। जीवन में नशा नहीं करने तथा बुरी संगति से बचने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों को जीवन का महत्व बताते हुए पांच लक्षणों को सरल शब्दों में समझाया। प्रतिदिन योग, ध्यान एवं प्राणायाम करने प्रेरित किया। इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमती एम गोस्वामी, एमके चंद्राकर, एसपी भुआर्य, प्रीतम दुबे, आरए नायक, इंदु कोलियारे उपस्थित थे।



### डांस प्रतियोगिता आज

**डोंगरगांव।** बाल नवयुवक गणपति उत्सव समिति धनगांव ने कल 16 अक्टूबर को डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। स्पर्धा के सामूहिक वर्ग में विजेताओं को क्रमशः 2001, 1501, 1001, युगल में 1501, 1001, 701, एकल में 1001, 701, 501 रूपए दिया जाएगा। आयोजकों ने प्रतियोगियों से स्पर्धा में शामिल होने का आव्हान किया है।

### बिगड़ती कानून व्यवस्था पर चिंता



**डोंगरगढ़।** कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने प्रदेश में बढ़ती हिंसक घटना और कानून व्यवस्था पर गहरी चिंता व्यक्त किया है। सुरजपुर में प्रधान आरक्षक की पत्नी और बेटी की हत्या के पहले बलौदा बजार एवं लोहारीडीह में हिंसक घटना के बाद आगजनी की घटना से प्रशासन से भरोसा टूटता दिखाई दे रहा है। उन्होंने जल्द से जल्द स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए कठोर कदम उठाने की मांग की है।

### स्वच्छता की ली शपथ

**जालबंधा।** स्थानीय नवीन महाविद्यालय में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत प्राचार्य डॉ. सत्यदेव त्रिपाठी के संरक्षण में प्रभारी प्राचार्य संजय देवांगन ने स्वच्छता की शपथ ग्रहण करवाया। इस मौके पर श्री देवांगन ने कहा कि स्वस्थ और सुखी जीवन के लिए स्वच्छता आवश्यक है। नियमित साफ रहने की आदत बीमारियों से बचाती है। महाविद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने परिसर की सफाई किया। कार्यक्रम में डॉ. नवीनसिंह राजपूत, रविप्रकाश चतुर्वेदी, रितेश बंजारे, कमलेश चेलक, पूजा देवांगन, महेश साहू, पूजा साहू, कामिनी वर्मा, नेलम दीवान आदि शामिल हुए।



### 55 फीट ऊंचे रावण का दहन

**अछोली।** श्री श्री कान्हा दशहरा उत्सव समिति न्यू सेक्टर अछोली ने स्कूल मैदान में आतिशबाजी के साथ रावण दहन किया। अतिथि जैनकुमार मेश्राम, सौमित्र सोनी, प्रिंस, योधनदास साहू, उपकार साहू, घनश्याम साहू, फिरंगीराम पटेल की उपस्थित में 55 फ़ीट रावण पुतले का दहन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथियों ने भगवान राम की पूजा अर्चना किया। तत्पश्चात भैंसारा की रामलीला मंडली चौक चौराहों का भ्रमण करते हुए स्कूल मैदान पहुंची। रामलीला मंचन के बाद रावण दहन किया गया। इस दौरान जितेंद्र गुप्ता, दसेंद्र कैसे, रमन साहू, प्रेमदास साहू, घनश्याम निषाद, चंदन बांधे, टूमेश पटेल आदि मौजूद थे।



### शहनाज अख्तर की प्रस्तुति आज



**डोंगरगांव।** प्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर कल 16 अक्टूबर को नगर में भजनों की प्रस्तुति देंगी। शरद पूर्णिमा के अवसर में निशांत उत्सव समिति ने कॉलेज मैदान में यह आयोजन रखा है। कार्यक्रम के लिए विशाल मंच के साथ दर्शकों के लिए विशेष दर्शक दीर्घा का निर्माण किया गया है। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि काफी समय से नगर में भजन या जगराता का आयोजन नहीं हुआ है। नगरवासी काफी समय से भजन गायिका शहनाज अख्तर को सुनना चाह रहे थे। नगरवासियों की अपेक्षा को ध्यान में रखकर यह आयोजन किया गया है। आयोजकों ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

## निधन



### लोकूराम साहू

**मुड़पार।** मुड़पार निवासी लोकूराम साहू का 78 वर्ष की आयु में 15 अक्टूबर को आकस्मिक निधन हो गया। वह अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। सोमवार को उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में परिजन एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## हाईकोर्ट में चुनौती देने की तैयारी

# बिना जमीन डायवर्सन के सोलर प्लांट का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

ग्राम पंचायत ठंढार की 23.1770 हेक्टेयर भूमि पर बिना डायवर्शन के सोलर प्लांट लगाया जा रहा है। इस आशय की शिकायत ग्राम के कोमल खुसरो ने एसडीएम, कलेक्टर, सहायक संचालक नगर तथा ग्राम निवेश एवं जल संसाधन से किया था। शिकायत के आधार पर एसडीएम ने कार्य पर रोक लगा दिया था लेकिन निर्माण निरंतर होते रहा। शिकायतकर्ता अब इस मामले को लेकर हाई कोर्ट जाने की तैयारी में है। शिकायत कर्ता ने निर्माण निरंतर जारी रहने की शिकायत कलेक्टर से की है।

**कार्रवाई की जाएगी**

कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने इस संबंध में बताया कि शिकायत हुई है तो नियमानुसार कार्रवाई किया जाएगा।

शिकायतकर्ता कोमल खुशरो ने बताया कि निर्माण के लिए पंचायत द्वारा ग्रामीणों और पंचो से राय लिए बिना ही एनओसी जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि जहां निर्माण किया जा रहा है उसके पास ही जल संसाधन विभाग की नहर है।

शासकीय भूमि पर कब्जा कर कटीले तार से घेर दिया गया है। जमीन को घेरने से गांव वालों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि स्कूल एवं आँगनबाड़ी केंद्र के पास गौरव पथ बना है जिसका उपयोग भारी वाहनों की आवाजाही के लिए किया जा रहा है जिससे रोड़ खराब हो रही है।

## पूर्व पीसीसी चीफ ने किया देवी दर्शन



**डोंगरगढ़।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष मोहन मरकाम मां बम्लेश्वरी देवी के दर्शनार्थ यहां पहुंचे। उनका कांग्रेसजनों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने ऊपर मंदिर और नीचे बम्लेश्वरी मंदिर में दर्शन कर कार्यकर्ताओं से भेंट किया। इस दौरान विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा, डॉ थानेश्वर पटिला, प्रदीप शर्मा, कमलजीत पिंटू, सुरेश सिन्हा, विजयराज सिंह, धीरेन्द्रप्रताप सिंह, संजय श्रीवास्तव, संध्या देशपांडे, धीरज मेश्राम, संजीव गोमास्ता, मेहुल मारू, शिव निषाद, रिम्मी भाटिया, हरिश भंडारी, राजकुमार गढ़ेवाल, शिशुपाल भारती, जितेन्द्र भाटिया, किरण मेश्राम, दुलीचंद बडोले, राजेन्द्र वर्मा, संजीव गुप्ता, प्रजेश सहारे, गिरीराज तापड़िया सहित अन्य उपस्थित थे।

## जीर्णोद्धार की होगी पहल


# माता देवालय दर्शन यात्रा 17 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

क्वांर नवरात्रि के बाद अंचल के लोगों को ग्रामीण क्षेत्र में विराजित देवी देवताओं की झांकी देखने और उनके इतिहास को जानने का मौका विधायक दलेश्वर साहू द्वारा शुरू की जा रही माता देवालय दर्शन यात्रा के दौरान मिलेगा। इस यात्रा की शुरूवात ब्लॉक मुख्यालय से 17 अक्टूबर को होगी। यह यात्रा विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव तक पहुंचेगी।

विधायक साहू ने बताया कि प्रदेश में पहली बार इस अनूठी यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस यात्रा के माध्यम से लोगों को विभिन्न देवी देवताओं की जानकारी से रूबरू कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि युवाओं को माता देवालय एवं ग्रामीण देवी-देवताओं की मान्यताओं से अवगत कराने यह आयोजन किया गया है। माता देवालय दर्शन यात्रा का शुभारंभ 17 अक्टूबर को ब्लॉक मुख्यालय से होगा। कॉलेज रोड स्थित शीतला मंदिर में पूजा अर्चना के बाद यात्रा फव्वारा चौक, चंडी मंदिर, मेन रोड, थाना रोड होते हुए किल्लापारा स्थित शीतला मंदिर पहुंचेगी। यहां से यात्रा बरगांव, गुंगेरी नवागांव, जामसरार होते हुए मनेरी पहुंचेगी। मनेरी में पहले दिन की यात्रा का समापन होगा।

**यात्रा के साथ चलेगी झांकी**




विधायक श्री साहू ने बताया कि यात्रा के माध्यम से जीर्ण शीर्ण देवालयों के जीर्णोद्धार की मुहिम शुरू करने वाले हैं। उन्होंने बताया कि माता देवालय दर्शन यात्रा के संबंध में वरिष्ठ साहित्यकारों के सहयोग से पत्रिका का प्रकाशन किया जा रहा है जिसमें अंचल के देवी देवताओं की सचित्र जानकारी होगी। यात्रा के साथ माता देवाला सहित अन्य देवी देवताओं की चलित झांकिया होगी। मुख्य वाहन में माता शीतला की प्रतिमा के साथ बैरग आदि रहेंगे। दूसरे वाहन में साहड़ा देव, बघारन पाठ, भैंसासुर, कंकालिन माता सहित अन्य देवी-देवताओं की प्रतिकृति रहेगी। यात्रा के साथ गीत संगीत की टोली चलेगी।

**भजनों की प्रस्तुति**

जानकारी के अनुसार यात्रा के साथ प्रसिद्ध कुंवारी माता तथा सोनेसरार की डामेश्वरी माता भी रथ पर सवार रहेंगी। भजन सम्राट पं. विवेक शर्मा विभिन्न पड़ावों में भजन प्रस्तुत करेंगे।



### कलाम को किया याद

**चिचोला।** प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला बजरंगपुर में मिसाइल मैन अब्दुल कलाम की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित कर याद किया गया। बच्चों को प्रेरक-प्रसंगों से जोड़ते हुए उनके जीवनवृत्त से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में प्रधानपाठक हेमलाल सहारे, प्रभारी प्रधानपाठक हुमनसिंह पिस्दा, कांति साहू, अमरिका चन्द्रवंशी, फुलिया यादव सहित बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# जिले के स्कूलों में 24 को लटकेगा ताला



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

■ शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने सौंपा 5 सूत्रीय मांग पत्र

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के प्रदेश संयोजक संजय शर्मा, वीरेंद्र दुबे, मनीष मिश्रा, विकास राजपूत के नेतृत्व में जिलाधीश एवं जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से शासन को पांच सूत्री ज्ञापन सौंपा गया है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान शैलेंद्र यदु, मनीष मिश्रा, गोपी वर्मा, रमेश साहू, विष्णु शर्मा, छन्नू साहू, हंसकुमार मेश्राम, महेश उईके, रतिराम कन्नौजे, संदीप साहू, किसन देशमुख, सुदामा साहू, नरेश दुक्कर, मनीष सोनी, गिरीश हिरवानी, मनीष पसीने, अनिल शर्मा आदि ने अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद किया। मोर्चा ने वेतन विसंगति दूर कर एल बी संवर्ग को क्रमोन्नत/समयमान वेतनमान देने, सही वेतन का निर्धारण कर 1.86 के गुणांक पर वेतन निर्धारण करने, पूर्व सेवा अवधि की गणना कर पुरानी पेंशन निर्धारित करने, 20 वर्ष पूर्ण सेवा करने पर पेंशन का प्रावधान करने, उच्च न्यायालय के निर्णय अनुसार त्र एल बी संवर्ग के शिक्षकों को क्रमोन्नति/ समयमान का आदेश जारी करने की मांग की है। जिला अध्यक्ष गोपी वर्मा ने बताया कि स्कूलों का संचालन 10 से 4 बजे तक करने का आदेश जारी करने जिला शिक्षा अधिकारी से चर्चा किया गया। शिक्षक मोर्चा द्वारा प्राचार्य, व्याख्याता पदोन्नति में हो रहे विलम्ब पर आक्रोश व्यक्त करते हुए लड़ाई लड़ने का निर्णय लिया है जिसकी शुरूवात आगामी 24 अक्टूबर को तालाबंदी से होगी।

हरिभूमि पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
स्पॉट बुकिंग पर 2 ग्राम सोने का सिक्का फ्री
इस त्योहार बनाएं मॉड्यूलर किचन, आकर्षक ऑफर्स के साथ
Gift hamper up to 15000/-*
₹ 55,000 ₹ 95,000 ₹ 1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

KS GROUP PUNJAB | INDIA
KS 9300 SELF PROPELLED COMBINE HARVESTER
BOOK NOW
Loan Facility Available
Available on Reasonable Interest Rate
AUTHORISED DISTRIBUTOR
KAMLA MOTORS
G.E. ROAD, GANJPARA, DURG (C.G.)
90398-79080, 94255-50265

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चेम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130




## खबर संक्षेप

### प्रवचन एवं खीर वितरण आज

**तुमड़ीबोड़।** ग्राम में सत्संग समिति ने शरद पूर्णिमा के अवसर पर कल 16 अक्टूबर को परसतराई के देवराम धनकर का सत्संग प्रवचन रखा है। सत्संग समिति द्वारा रात्रि में खीर वितरण किया जाएगा। समिति अध्यक्ष खेलूराम साहू एवं सचिव अमरोतन साहू ने ग्रामवासियों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है। कार्यक्रम में शंकरलाल साहू, पुरूषोत्तम साहू, हेमराय कुंभकार, रामकुमार साहू, पूरन साहू, उर्वसन साहू, श्यामलाल साहू, राजू साहू, हुमन साहू, संतोष साहू, रिखीराम देवांगन, संतोष श्रीवास, नीलकंठ साहू एवं राजेश साहू मौजूद रहेंगे।

### कबड्डी प्रतियोगिता

**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत कोटनापानी में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन कल 16 अक्टूबर को गोड़वाना फाइटर क्लब एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में रखा गया है। विजेताओं को क्रमशः 7000, 5000, 3000 एवं 2000 रूपए दिया जाएगा। आयोजक समिति ने प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अधिक से अधिक टीमों को आमंत्रित किया है।

### छूट पुनः शुरू करें

**डोंगरगढ़।** वरिष्ठ नागरिकों को रेल किराए में मिलने वाली छूट को पुनः चालू कर उक्त योजना को प्रधानमंत्री की माता हीराबेन के नाम से करने की मांग पालिका के पूर्व अध्यक्ष तरूण हथेल ने किया है। उन्होंने इस आशय का पत्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, सांसद संतोष पांडे, जनरल मैनेजर बिलासपुर रेलवे, डीआरएम नागपुर के नाम स्टेशन प्रबंधक गुरूचरण शेट्टी को सौपा है। उन्होंने बताया कि लॉकडाउन से पहले भारतीय रेल द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को रेल किराया में 50 और महिलओं को 40 प्रतिशत छूट दिया जाता था।

### सामूहिक वंदना



**डोंगरगढ़।** भीमराव अंबेडकर विकास समिति, सुदर्शन वाल्मिक समाज के तत्वावधान में 68 वां धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस के अवसर पर इंदिरा नगर स्थित बाबा साहेब आम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन कर सामुहिक वंदना की गई। इस अवसर पर पूर्व पालिका अध्यक्ष तरुण हत्थेल, पालिका उपाध्यक्ष उमाशंकर वर्मा, शैलू गहरवार, नरेश करसे, अनिल यादव, पप्पू इंदुरकर, रामरतन यादव, शुभम परिहार, मोहन मधुमटके, अनिल भौवरेल, श्रवण करसे आदि उपस्थित थे।

### सात दिनों के भीतर प्रतिवेदन देने कहा

# राज्यपाल पुरस्कार के लिए चयन, नए सिरे से जांच का कलेक्टर ने दिया आदेश

## शिक्षक संगठन ने उठाई थी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

राज्यपाल पुरस्कार के लिए समिति द्वारा गलत चयन की शिकायत पर कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने जिला स्तरीय अधिकारियों के संयुक्त जांच दल का गठन कर सात दिनो के भीतर प्रतिवेदन देने कहा है।

शैक्षणिक कार्यो के संपादन सहित अन्य गतिविधियों को लेकर प्रदेश के प्रतिष्ठित राज्यपाल पुरस्कार के लिए जिले से ब्लॉक के बैहाटोला पूमाशा मे पदस्थ प्रपा किशोर शर्मा के चयन पर जिपं सभापति विप्लव साहू ने कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा, लोक शिक्षण संचालनालय के अलावा राजभवन तक शिकायत दर्ज कराई थी जिसमें उन्होंने चयन समिति पर पुरस्कार के लिए निर्धारित मापदंड व दिशा निर्देशों को दरकिनार करने, बिना भौतिक परीक्षण के डीपीआई को नाम भेजने का आरोप लगाया जिसके बाद कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने आदेश जारी कर जिला स्तरीय अधिकारियों संयुक्त कलेक्टर सुरेंद्र सिंह राजपूत, सुमन राज और अजाजजा विकास विभाग के सहायक आयुक्त श्रीकांत देव शुक्ला को शिकायत आवेदन के संबंध मे नियमानुसार सूक्ष्मता से जॉचकर सात दिनो के भीतर प्रतिवेदन देने कहा है।

### शिक्षक फेडरेशन ने भी उठाया है सवाल

छग सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने भी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर राज्यपाल पुरस्कार की गरिमा प्रभावित होने का हवाला देते हुए कहा कि शिक्षा विभाग, लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा अलग अलग पुरस्कारों के चयन को लेकर स्पष्ट दिशा निर्देश दिया जाता है जिसका जिला स्तर पर चयन समिति द्वारा शिक्षक द्वारा निर्धारित प्रपत्र मे दी जानकारी का बिंदुवार भौतिक सत्यापन सहित दस्तावेजों का परीक्षण करने के बाद नाम प्रस्तावित किया जाना था लेकिन इस दफे ऐसी प्रक्रिया का पालन नही करने के कारण पुरस्कार के लिए नामित नामों पर सवाल उठाया जा रहा है। फेडरेशन सदस्यों ने कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा से कहा कि ऐसी घटना से पूरा शिक्षक समाज आहत है उन्होंने भी मामले मे जॉचकर दोषी के उपर कड़ी कार्रवाई कर शिक्षकों का सम्मान और राज्यपाल पुरस्कार की गरिमा बरकरार रखने की मांग की है।

### मैदानी परीक्षण करना था समिति को

शिक्षकीय कार्य मे लापरवाही बरतने वाले शिक्षक पर विभागीय अधिकारियों की कृपा दृष्टि को संदेहास्पद बताते हुए जिपं सभापति विप्लव साहू ने कहा कि मैदानी स्तर पर किशोर शर्मा से ज्यादा बेहतर काम करने वाले मौजूद है।चयन समिति को श्रेष्ठ शिक्षकों का चयन कर पुरस्कार के लिए नामित करना था जो जिले का प्रतिनिधित्व करे लेकिन यहां इसकी पूरी तरह से अनदेखी की गई। शैक्षणिक गतिविधि, नवाचार, पांच सालों की उपलब्धि सहित शाला व बच्चो के हित मे होने वाली गतिविधियों का आकलन कर समिति शिक्षक का चयन करती है। उनका कहना है कि समिति मे शामिल लोगों ने बिना मैदानी जानकारी एकत्र किए यहाँ तक की शिक्षक के संबंध मे संकुल समन्वयक, शाला विकास समिति, सरपंच किसी से राय लेना उचित नही समझा। जिपं सभापति विप्लव साहू ने कहा कि शालेय गतिविधियो को लेकर शिक्षक द्वारा प्रस्तुत फाइल को ही अंतिम मानकर समिति ने नामित कर दिया है उन्होंने कहा कि इससे पुरस्कार की गरिमा प्रभावित हो रही है।

### जिपं सभापति विप्लव की शिकायत पर बनी टीम



जिला पंचायत सभापति विप्लव साहू ने प्रदेश के प्रतिष्ठित राज्यपाल पुरस्कार के लिए चयन को लेकर शिक्षा विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि शिक्षा विभाग मे उत्कृष्ट कार्य, शिक्षा दूत, ज्ञानदीप, शिक्षा श्री जैसे अलग अलग पुरस्कारों व अलंकरण के लिए विभागीय दिशा निर्देश व मापदंड का पालन करना अनिवार्य है जिसमे शिक्षकीय कार्य, शालेय गतिविधियों मे उसके योगदान को लेकर अलग अलग बिंदुओ पर खरा उतरने वाले शिक्षक को ही पुरस्कार के लिए नामित किया जाता है लेकिन इस दफे सारे दिशा निर्देशों और नियमों को दरकिनार कर चयन समिति ने सूची बनाकर तीन नाम भेजा जिसमें दो शिक्षकों के नाम पर मुहर लगी है। इसमे सत्र 24/25 के लिए प्रपा किशोर शर्मा के चयन पर कड़ी आपत्ति जाहिर करते हुए जिपं सभापति विप्लव साहू ने कहा कि अनियमित शाला मे उपस्थिति, शैक्षणिक कार्य में रुचि और तीन सालो की पदस्थापना मे बैगलेस डे के दिन ही बच्चो को क्रियात्मक गतिविधि की जानकारी देने वाले शिक्षक का चयन गलत है। शैक्षणिक गुणवत्ता को लेकर मैदानी स्तर पर काम करने वालो को दरकिनार कर समिति ने मनमानी कर दिशा निर्देशों की खुलेआम अवहेलना की है। किशोर शर्मा के चयन से वो शिक्षक हतोत्साहित हो रहे है जो सही मायनो मे शैक्षणिक गुणवत्ता को बनाए रखने अलग अलग गतिविधियों के माध्यम से बच्चो की अभिरुचि अनुसार क्रियाकलाप कराते है।

# स्वीकृत विकास कार्य गुणवत्तापूर्ण और निर्धारित समय-सीमा में करें



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक मे कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, जन शिकायतों सहित प्राप्त अन्य आवेदनों के निराकरण के संबंध में संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री वर्मा ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में प्रस्तावित विकास परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की और स्वीकृत कार्यों, अस्वीकृत कार्यों के अलावा वर्तमान में प्रगतिरत कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि सभी स्वीकृत विकास कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूरा हो। साथ ही उन्होंने अभी तक स्वीकृत न हुए कार्यो के प्रस्ताव तैयार कर शासन को प्रस्तुत करने की आवश्यकता पर बल दिया ताकि क्षेत्र के विकास में किसी भी प्रकार की देरी न हो।

बैठक में अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल, संयुक्त कलेक्टरद्वय सुरेन्द्र कुमार ठाकुर, श्रीमती सुमन राज, एसडीएम खैरागढ़ टंकेश्वर प्रसाद साहू, प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टर पूजा पिंचा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### शिक्षा विभाग की समीक्षा

कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने शिक्षा विभाग की समीक्षा दौरान स्कूलों में जाति प्रमाण पत्र की स्थिति की जानकारी लेकर प्रक्रिया में आने वाली चुनौतियों के संबंध में जानकारी ली और निर्धारित समय-सीमा में काम पूरा करने कहा। उन्होंने शासकीय विभागों में 15 साल पुराने वाहनों की जानकारी लेकर आवश्यक कारवाई में तेजी लाने कहा वही अनुकंपा नियुक्ति से संबंधित लंबित प्रकरणों के निराकरण की तत्परता पर बल दिया। समीक्षा दौरान उन्होंने लंबित प्रकरणों की अद्यतन जानकारी लेकर जल्द कार्रवाई करने कहा वही विभिन्न विभागों में लंबित प्रकरणों की जानकारी लेने के बाद निर्धारित समय-सीमा में निराकरण करने का निर्देश दिया।

# विजयादशमी पर्व हर्षोल्लास के साथ मना, राम लीला का किया मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़




विजयादशमी के मौके पर स्थानीय हाईस्कूल ग्राउंड में कार्यक्रम आयोजित किया गया। करीब 100 साल पुरानी दशहरा उत्सव समिति के तत्वावधान में नरसिंग मंदिर से भगवान श्रीराम को डोला, रामसेना एवं स्थानीय मारवाडी धर्मशाला से रावण सेना निकली।

हाईस्कूल ग्राउंड में अंडी फकीरटोला की रामायण झांकी, राम रावण युद्ध का मंचन किया गया। अतिथियों की उपस्थिति में भगवान श्रीराम आदि की पूजा अर्चना कर रावण दहन किया। इस मौके पर विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व मंत्री धनेश पटिला, विनोद खांडेकर, रामजी भारती, बम्लेश्वरी ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम, संध्या देशपांडे, विष्णु लोधी, सौमित्र सोनी, रघुवर अग्रवाल ने जनसमूह को संबोधित किया।

रावण दहन के बाद भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता, वानर सेना के साथ विजय जुलूस निकाला गया। जगह-जगह लोगो ने पूजा अर्चना किया। कार्यक्रम में मनोज भंडारी, पूनम अग्रवाल, गोपाल खेमुका, मधुसूदन अग्रवाल, किशोर जैन, हरीश भंडारी, थानेश्वर पटिला, अनिल अग्रवाल, भूषण मेश्राम, बिसनाथ यादव, संजय गोमास्ता, शिव निषाद, रामजी तराने, संजय नरेडी, राजू भूत सहित अन्य मौजूद थे।

### आतिशबाजी के साथ रावण दहन

न्यू फ्रेण्ड्स क्लब दशहरा उत्सव समिति ने रेल्वे फुटबाल ग्राउंड में आतिशबाजी के साथ रावण दहन किया। मुख्य अतिथि विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, नपा अध्यक्ष सुदेश मेश्राम, डी. एकेश राव धीरज मेश्राम, रेल्वे के डी.संमुख नायक, स्टेशन महाप्रबंधक गुरुचरण शेट्टी, पुनित रामगनबेर, एस. हनुमंत राव, मधु अग्रवाल, संध्या देशपांडे, बीके तिवारी, वेंकट स्वामी, ऋषिकेश चौधरी, मधुसूदन अग्रवाल थे। इस मौके पर विधायक श्रीमती बघेल ने राम,लक्ष्मण का स्वागत किया। तत्पश्चात आतिशबाजी के साथ रावण दहन किया गया। इस मौके पर मनीष ग्वाला, एस संतोष राव, पुरमानंद कंवर, जुनेद अली, तरण बोपचे, नरेश वर्मा, सौरभ मेहर, अमिश मरकाम, धन्नू वर्मा, उमेश समुन्द्रे, शशांक सिंह, गुलशन चंद्रवंशी, इमरान, दुर्गेश वर्मा, रितेश हुमने आदि मौजूद थे।




# न्याय महाभियान से सुधरेगी बैगा परिवारों की आर्थिक स्थिति



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा पीवीजीटी परिवारों के सामाजिक-आर्थिक स्थिति को सुधारने विशेष अभियान चलाया जा रहा है। वर्तमान में छुईखदान ब्लाक में प्रधानमंत्री जनमन तहत बैगा परिवारों के सदस्यों को जरूरी चीजों जैसे पक्के आवास, बारहमासी सडक़ व अन्य मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने के साथ उनकी आजीविका सुधार के संबंध में भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

मनरेगा तहत बैगा परिवारों के आजीविका उन्नयन के लिए निरंतर हितग्राही मूलक कार्यो की स्वीकृति प्रदान की गई है इनमें भूमि सुधार/मिट्टी के फार्म बंड निर्माण, निजी डबरी व कुएं प्रमुख हैं इससे उन्हे सीधे रोजगार मिलने के साथ-साथ उनकी परिसंपत्तियो का निर्माण भी हो रहा है जो उनके आजीविका वृद्धि में मदद कर रहा है। ग्रापं सिंगारपुर आश्रित तुमड़ादाह में कुल 26 परिवारों को पहली बार शासन के माध्यम से निजी वन अधिकार के तहत जमीन मिला लेकिन वो खेती किसानी के लायक नही थी। जमीन को खेती लायक बनाने उन्होंने ग्रापं में चर्चा किया जिसके बाद जनपद व ग्रापं द्वारा महात्मा गांधी नरेगा योजना के माध्यम से भूमि सुधार/मिट्टी के फार्म बंड निर्माण की जानकारी देकर उसमे काम स्वीकृत किया गया।

### बंजर भूमि में होगी खेती

कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा के मार्गदर्शन में तुमड़ादाह के 26 हितग्राहियों के लिए कुल 7 लाख 70 हजार 721 रूपयो के भूमि सुधार कार्य की स्वीकृति मिली है। स्वीकृति मिलने से प्रसन्न बैगा परिवार के सदस्यो ने कहा कि अब उनके बंजर भूमि मे खेती हो सकेगी जिससे परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। उन्होने बताया कि पहली बार उन्होने 30 एकड़ जमीन मे धान का फसल लगाया गया है। मनरेगा योजना से निर्मित तालाब के पानी से सिंचाई व्यवस्था कर रहे है। भूमि सुधार कार्य से परिवार को अकुशल रोजगार मिला है और साथ ही बंजर भूमि का विकास हुआ है। बुध्दसिंह बैगा ने बताया कि शासन के माध्यम से उन्हें पहली बार निजी वन अधिकार पट्टा मिला, जिसमें मनरेगा से 32 हजार 551 रूपए का भूमि सुधार कार्य की स्वीकृति मिली है। सवा एकड़ जमीन में अभी धान का फसल लगा है बाद मे अन्य फसल लगाएंगे। उन्होने कहा कि पीएम जनमन तहत आवास और मनरेगा के अभिसरण से पक्के आवास की स्वीकृति मिली है। प्रोजेक्ट उन्नति के तहत सब्जी, नर्सरी प्रबंधन और कृषि विषय पर जनपद पंचायत में आवासीय प्रशिक्षण भी मिला है।



राजनांदगांव। पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह के जन्मदिन पर युवा वेलफेयर फाउण्डेशन द्वारा शहर के म्युनिसिपल स्कूल मैदान में भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें देश के ख्यातिलब्ध कवियों ने प्रस्तुति देकर जमकर वाहवाही लूटी।

### विस अध्यक्ष डॉ. रमन ने दिव्यांग बच्चों के साथ केक काटकर मनाया जन्मदिन

# मानवीय दृष्टि से सीआरसी सेंटर का निर्माण सबसे बड़ा पुण्य कार्य : सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह अपने जन्मदिन के अवसर पर कौशल विकास पुनर्वास और सशक्तिकरण समेकित क्षेत्रीय केंद्र (सीआरसी) ठाकुरटोला में दिव्यांग बच्चों के बीच पहुंचकर अपना जन्मदिन मनाया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने छोटे दिव्यांग बच्चों के साथ मिलकर केक काटा।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को सीआरसी सेंटर के दिव्यांग बच्चों एवं शिक्षकों ने जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने बच्चों को आशीर्वाद दिया। विधानसभा अध्यक्ष ने इस अवसर पर दिव्यांगजनों को निःशुल्क मोटराईज्ड ट्रायसायकल एवं सहायक उपकरण वितरण किया। इस दौरान सांसद संतोष पाण्डेय उपस्थित थे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आज कौशल विकास पुनर्वास और सशक्तिकरण समेकित क्षेत्रीय केंद्र (सीआरसी) ठाकुरटोला के दिव्यांग बच्चों के साथ केक काटकर खुशी हो रही है। इससे बड़ी खुशी बड़े से बड़े कार्यक्रम में नहीं मिल सकती है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि कौशल विकास पुनर्वास और सशक्तिकरण समेकित क्षेत्रीय केंद्र (सीआरसी) की कल्पना तत्कालीन केन्द्रीय मंत्री थावरचंद गहलोत ने की थी तथा इसकी स्वीकृति दी। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव में सीआरसी सेन्टर की कल्पना किसी ने नहीं की थी। छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा सीआरसी सेंटर राजनांदगांव में बनकर तैयार हो गया है।



#### बहुत बड़ा सहारा बनेगा

उन्होंने कहा कि मानवीय दृष्टि से सीआरसी सेंटर का निर्माण सबसे बड़ा पुण्य का कार्य हुआ है। छत्तीसगढ़ का ऐसा केन्द्र होगा, जहां कृत्रिम अंग का निर्माण होगा। मानसिक एवं बौद्धिक दिव्यांगता को दूर करने के लिए प्रशिक्षण होगा। उन्होंने बताया कि यहां डिप्लोमा कोर्स की शुरूआत होगी। यहां से बच्चे प्रशिक्षण प्राप्त कर पूरे हिन्दुस्तान में कार्य कर सकते हैं। उसके लिए शासन की मंजूरी दी जाएगी। छत्तीसगढ़ में जयपुर और अन्य स्थानों से कृत्रिम अंग लाया जाता था, उसकी जरूरत नहीं पड़ेगी, उसका निर्माण यही होगा। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव एवं इस पूरे क्षेत्र के नागरिक जिनको भी ज्वाइंट की दिक्कत है, फ्रेक्चर, कमर और अन्य अंग में समस्या आने पर उनको चलने में दिक्कत आती है। यह केन्द्र उनके लिए बहुत बड़ा सहारा बनेगा।

#### हितग्राहियों को सौंपी आवास की चाबी

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज स्पीकर हाऊस में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास हितग्राही सम्मेलन में शामिल हुए। इस दौरान सांसद संतोष पाण्डेय, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह एवं अन्य जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी उपस्थित रहे। विधानसभा अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के हितग्राहियों को आवास की चाबी सौंपी एवं आवास के लिए नवीन स्वीकृति वाले हितग्राहियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान किया। विधानसभा अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले सरपंचों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष को कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने प्रधानमंत्री आवास का मॉडल स्मृति चिन्ह स्वरूप भेंट किया।


#### पोट्ठ लईका पहल के तहत लाभान्वित नन्हें बच्चों एवं उनकी माताओं ने की मुलाकात

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से आज स्पीकर हाऊस में उनके जन्मदिन पर जिला प्रशासन द्वारा संचालित पोट्ठ लईका पहल के तहत लाभान्वित नन्हे बच्चों एवं उनकी माताओं ने मुलाकात की। विधानसभा अध्यक्ष का यह जन्मदिन खास एवं यादगार बन गया, जब सुपोषण की श्रेणी में आए नन्हे बच्चों के साथ मिलकर केक काटकर उन्होंने अपना जन्मदिन मनाया। विधानसभा अध्यक्ष ने बच्चों को स्नेह एवं आशीष दिया। सभी ने विधानसभा अध्यक्ष को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने पोट्ठ लईका पहल के तहत संवर्धित रेडी टू ईट वितरण का शुभारंभ किया। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया। स्टॉल में रेडी टू ईट से बने पौष्टिक आहार प्रदर्शित किए गए थे।

# विद्युत विकास कार्यों के लिए मिली 40 करोड़ 82 लाख रुपए की स्वीकृति

- तीनों जिलों के लगभग 2.50 लाख किसानों एवं उपभोक्ताओं को मिलेगा इसका लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के अंतर्गत राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी एवं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में विद्युत विकास कार्यों के लिए 40 करोड़ 82 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिससे इन जिलों के नगरीय एवं ग्रामीण अंचल में नए विद्युत उपकेन्द्रों का निर्माण, नए 33 केव्ही एवं 11 केव्ही लाइनों का निर्माण, विद्यमान विद्युत उपकेन्द्रों की क्षमता आवर्धन तथा अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मरों की स्थापना के कार्यों को अमलीजामा पहनाया जाएगा।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी प्रबंधन द्वारा विद्युत विकास के लिए स्वीकृति इन कार्यों से लगभग 2.50 लाख किसानों एवं उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के राजनांदगांव क्षेत्र के मुख्य अभियंता शिरीष शैलेट ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशन एवं पॉवर कंपनी के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव के मार्गदर्शन में राजनांदगांव क्षेत्र के अंतर्गत मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के तहत राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई एवं मोहला-मानपुर-चौकी जिले के रामाटोला, जरहामहका, सिरसाही, चौथना, डुंडेरा एवं कहडबरी में नए 33/11 केव्ही विद्युत उपकेन्द्रों का निर्माण, लालबहादुर नगर, औंधी, खड़गांव, डुमरटोला, कौड़ीकसा, झूरानदी, पैलीमेटा, धोधा, कुमरदा में विद्यमान उपकेन्द्रों में 3.15 एमव्हीए के अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मरों की स्थापना तथा इंदामरा, हाटबंजारी, अरसीटोला, बिजेभांठा, गैंदाटोला, छुरिया, पनियाजोब, मुसराकला, मेढ़ा, मोहला, बांधाबाजार, दीघवाड़ी, मानपुर, चिल्हाटी, बैहाटोला, लिमो, राहुद, खुज्जी, धोधा, छुईखदान एवं खैरागढ़ में स्थित उपकेन्द्रों के पॉवर ट्रांसफार्मरों की क्षमता 3.15 एमव्हीए से 5 एमव्हीए में वृद्धि, 106 किमी 33 केव्ही एवं 60 किमी 11 केव्ही की नई लाईनों के कार्यों के लिए 40 करोड़ 82 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है। विद्युत विकास के लिए स्वीकृति इन कार्यों के पूर्ण हो जाने से लगभग 2.50 लाख किसानों एवं उपभोक्ताओं एवं किसानों को निर्बाध रूप से उच्च गुणवत्ता की विद्युत आपूर्ति प्रदान की जा सकेगी।

## झाड़ीखैरी सरपंच पर कार्रवाई नहीं, ग्रामीणों ने सामूहिक आत्महत्या की दी धमकी

- ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ग्राम पंचायत झाड़ीखैरी के ग्रामवासियों ने सरपंच के भ्रष्टाचार मामले में कार्रवाई की मांग की है। कार्रवाई ना होने पर सामूहिक आत्महत्या करने की चेतावनी दी।

इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगांव को सौंपे गए पत्र पर ग्रामीणों ने कहा कि झाड़ीखैरी के सरपंच के भ्रष्टाचार के खिलाफ लगातार 3 वर्षों से शासन-प्रशासन को शिकायत करते आ रहे हैं। उस समय कांग्रेस की सरकार थी और सरपंच को कांग्रेस के शीर्ष नेताओं का संरक्षण मिल रहा था। विगत दो वर्षों तक जांच तक नहीं कराई गई है। पत्र में आगे शिकायतकर्ताओं ने कहा है कि विगत 10 माह से बीजेपी नेताओं के हस्तक्षेप पर विभागीय जांच तहसीलदार द्वारा कराई गई। जिसमें सरपंच के भ्रष्टाचार उजागर हुआ और उस पर 20 लाख रुपए तक की वसूली योग्य राशि निकालकर अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगांव को सौंपी गई, परन्तु 5 माह तक अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगांव उक्त फाइल को दबाए बैठे हैं। अधिकारी अपने अडियल रवैये पर काम कर रहे हैं। जिससे आहत होकर ग्राम झाड़ीखैरी के ग्रामवासियों ने सामूहिक आत्महत्या करने की चेतावनी दी है।

## बलराम बंजारे किसान संगवारी चुने गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोमनी

ग्राम पंचायत सोमनी द्वारा आयोजित ग्राम सभा की स्थगित बैठक 10 अक्टूबर को आयोजित की गई थी। जिसमें बलराम बंजारे आ. डेरहु बंजारे को सर्वसम्मति से किसान संगवारी (मित्र) का चयन किया गया।

सचिव से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त पद हेतु कुल दस आवेदन पत्र पंचायत को प्राप्त हुए थे। उपस्थित आवेदकों ने अपना समर्थन एवं ग्राम सभा सदस्यों ने सर्वसम्मति से चयन किया गया। इसकी जानकारी पंचायत द्वारा उपसंचालक कृषि विभाग को भेजा जाएगा।

### सार समाचार

#### महतारी वंदन योजना बना महिलाओं का सहारा

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना के संबंध में स्थानीय भाजपा नेत्रियों ने कहा कि यह योजना निम्न एवं मध्यम वर्ग की महिलाओं के लिए अनेक दृष्टि से लाभप्रद सिद्ध होकर मुश्किल वक्त का सहारा बन गया है। स्थानीय भाजपा नेत्री जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू, पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष हेमिन लाउत्रे और जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिक्षा सूर्यकांत भंडारी ने कहा कि आज भी पुरूष प्रधान भारतीय समाज में महिलाओं को छोटी-बड़ी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पुरूषों पर ही निर्भर रहना पड़ता है।

#### साहित्य समिति ने महोबे और जैन को दी श्रद्धांजलि

**राजनांदगांव।** शहर के शिक्षाविद डॉ. हेमलता महोबे और प्रोफेसर डॉ. चंद्रकुमार जैन को साहित्य समिति ने श्रद्धांजलि दी। साहित्य समिति के अध्यक्ष व साहित्यकार आत्माराम कोशा ने डॉ. हेमलता महोबे सहित साहित्यकार डॉ. चंद्रकुमार जैन के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया।



उन्होंने सुश्री महोबे को अपने जीवनकाल में शिक्षा के प्रति अपने कर्तव्यों का भली-भांति निर्वहन करने वाली विदुषी महिला बताया और कहा कि जब भी किसी विषय पर उसे असहजता की स्थिति उत्पन्न हो जाती थी तो उनसे मिलकर जानकारी लेने उनके यहां अवश्य पहुंच जाती थी। साहित्यकार गिरीश ठक्कर ने सुश्री महोबे के निधन को संस्कारधानी का एक महान शिक्षाविद का खो जाना बताया। इस अवसर पर गिरीश ठक्कर, मानसिंह, ओमप्रकाश, रौशन साहू, मदन मंडावी, पवन पहुंना, डोहरुराम, महादेव हिरवानी, भागवत सिन्हा, दिनेश साहू, मनहरण साहू, मुरलीशरण दास वैष्णव, मुकुन्द साहू, बृजलाल साहू, भुवन साहू, डॉ. एलसी ठाकरे, पन्नालाल जंघेल, सतीश साहू, मुकेश बघेल, संतोष पिल्ले शामिल थे।

# वृद्धजनों की सेवा कर वृद्धाश्रम में मनाया डॉ. रमन का जन्मदिन

- परवेज ने कहा मानव सेवा ही ईश्वर सेवा, सिंह के दीर्घायु होने की कामना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री, राजनांदगांव विधायक व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का जन्मदिन संस्कारधानी में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर शहर के वृद्धाश्रम में ठंड के मौसम को देखते कम्बल का वितरण किया गया। साथ ही गर्म पानी की उपलब्धता के लिए दो गीजर भेंट किए गए। साथ ही वृद्धजनों को भोजन करवाकर डॉ. रमन सिंह के दीर्घायु होने की कामना की गई।

भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष परवेज अहमद ने कहा कि डॉ. रमन सिंह ने हमेशा लोगों की मदद करने की प्रेरणा हम सबको दी है और आज उनके जन्मदिन के अवसर पर वृद्धजनों के बीच उनका जन्मदिन मनाकर आत्मिक शान्ति का अनुभव हो रहा है। इस अवसर पर पूर्व सांसद मधुसूदन यादव व पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष अग्रवाल सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में मधुसूदन यादव ने कहा कि मानव सेवा ही माधव सेवा है और इस तरह के पुण्य कर्म हम सभी को करना चाहिए। पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष अग्रवाल ने कहा कि वृद्धाश्रम में अपनों से दुखी लोग रहते हैं और हम सबको इनके बीच आकर इनका अकेलापन हमेशा दूर करना चाहिए। परवेज अहमद ने डॉ. रमन सिंह की दीर्घायु की कामना करते कहा कि डॉ. सिंह ने पंद्रह वर्षों तक हर तबके के लोगों की मदद की है और प्रदेश में विकास की गंगा बहाई है। निश्चित तौर पर हम सबको आगे भी डॉ. सिंह का प्रेम-स्नेह मिलता रहेगा। उन्होंने कहा कि वृद्धाश्रम के बुजुर्गों ने मुक्तकंठ से डॉ. सिंह को आशीर्वाद दिया है। परवेज ने कहा कि बुजुर्गों ने कुछ बातें उन्हें बताई है, जिस पर वो जल्द ही डॉ. सिंह से चर्चा कर उनकी मांगों को पूरा करने का प्रयास करेंगे।

# कलेक्टर ने साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली

- अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि जिले में आमजन से संबंधित समस्याओं के निदान के लिए जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जाता है।

इन शिविरों में सभी विभागों के विकासखंड स्तरीय अमलों द्वारा ग्राम पंचायतों से लोगों की समस्याओं से संबंधित आवेदनों को पहले से ही प्राप्त कर लिए जाए और इन सभी आवेदनों को निराकरण की प्रक्रियाएं समय पर पूरा करने के साथ इन शिविरों में निराकरण कर लिए जाए। उन्होंने श्रम, कृषि, राजस्व, शिक्षा, समाज कल्याण विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को इस संबंध में विशेष रूप से निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा अनेक कल्याणकारी योजनओं का संचालन किया जा रहा है और पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। इन योजनाओं में शत-प्रतिशत हितग्राहियों को लाभान्वित करने सभी विभाग विधिवत प्रयास करें। उन्होंने श्रम विभाग के अधिकारी से कहा कि वे अपने विभाग के माध्यम से असंगठित एवं संगठित क्षेत्र के श्रमिक पंजीयन कराना सुनिश्चित करें। वहीं राजस्व विभाग के अधिकारी सीमांकन, बंटवारा के साथ ही भू-अभिलेखों को त्रुटि रहित बनाएं। उन्होंने छात्रों के निवास, जाति, आय प्रमाण पत्र बनाने, दिव्यांगों के पहचान पत्र बनाने व उनकी सूची पंचायतवार तैयार करने, राशन कार्ड बनाने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में समय-समय पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाता है और उनकी जांच कर आवश्यकतानुसार दवाईयां उपलब्ध कराई जाती है। विभाग द्वारा प्रयास हो कि अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिले। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों से कहा कि नक्शा, खसरा, बी-1 के साथ -साथ आरबीसी 6-4 के प्रकरणों का समय पर निराकरण करना सुनिश्चित करें।

बैठक के दौरान कलेक्टर संजय अग्रवाल ने सामाजिक सुरक्षा के तहत सभी प्रकार के पेंशन के समय पर भुगतान करने के निर्देश के साथ-साथ पात्र सभी हितग्राहियों को पेंशन का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के दौरान समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन आगामी 31 अक्टूबर तक किया जाएगा। इसके लिए विभागीय अधिकारी आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा, एसडीएम राजनांदगांव अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम डोंगरगढ़ मनोज मरकाम, एसडीएम डोंगरगांव श्रीकांत कोर्राम सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

आवश्यकता है
1. कम्प्यूटर ऑपरेटर (वेतन 9000/- रुपए) - 3 पद
2. मैनेजर - 1 पद
3. मेकेनिक (अनुभवी को प्राथमिकता) - 2 पद
4. वाहन चालक (वेतन 9000/-, अनुभवी को प्राथमिकता) 4 पद
समस्त दस्तावेज के साथ स्वयं संपर्क करें।
मे. पदमा गैस एजेंसी
मोगरा कालोनी डोंगरगांव

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
वेजर लाइपोसक्शन द्वारा
मोटापे का ईलाज
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

मधुमेह
का सर्वोत्तम संस्थान
लाइफवर्थ हॉस्पीटल
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी, ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347
74404 95504
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 19,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
27 अप्रैल से 10 मई 2025, 02 मई से 15 मई 2025
8 मई से 21 मई 2025, 13 मई से 16 मई 2025
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें - 7354411411
राशिः-स्लीपर-19,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 16 अक्टूबर 2024




## फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा युवकों के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

**भिलाई।** संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही **फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर** स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र -छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार

आवेदन की अंतिम तिथि 25/10/2024

**फायर सेफ्टी के कोर्स**
- डिप्लोमा फायर एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी
- डिप्लोमा हेल्थ सेनिटरी इंस्पेक्टर
- सब-फायर ऑफिसर
- बी.एस.सी. फायर सेफ्टी



(DRDO),भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं **संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी,** संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र -छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लग जाती है, सभी जाति वर्ग के छात्र-छात्राओं को संस्था के द्वारा प्रतिशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी।

**(1) पताः फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट,(निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक- गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग, (2) कैंपस :- प्लाट नंबर 766, वार्ड नंबर 1, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़- अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:मो.7697212782**

ADVT.


# जन्मदिन पर बोले डॉ.रमन : राजनांदगांव में हुआ मेरा राजनीतिक पुनर्जन्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष और राजनांदगांव के विधायक डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन को ऐतिहासिक बनाने के लिए 15 अक्टूबर को शहर के म्युनिसिपल स्कूल मैदान में भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें प्रख्यात कवि डॉ. कुमार विश्वास, सुरेंद्र दुबे सहित देश के नामचीन कवियों ने काव्य पाठ किया। वहीं इस आयोजन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित प्रदेश के कई मंत्री उपस्थित थे।

युवा वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष भावेश बैद द्वारा विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन के अवसर पर विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सुप्रसिद्ध कवि डॉ. कुमार विश्वास, हास्य व्यंग के कवि डॉ. सुरेंद्र दुबे, गीत गजल की कवयित्री डॉ. सुमन दुबे, वीर रस की कवयित्री कविता तिवारी और हास्य कवि दिनेश बाबरा ने काव्य पाठ किया।

डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन पर आयोजित इस कवि सम्मेलन में हजारों की संख्या में श्रोता उपस्थित रहे। वहीं इस अवसर पर सभी ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन पर अपनी बधाई और शुभकामनाएं दी। डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन पर आयोजित इस विराट कवि सम्मेलन के आयोजन में शामिल होने पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित सभी मंत्रियों ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई और शुभकामनाएं दी। डा. सिंह को बधाई देने के लिए सीएम के साथ साथ मंत्री मंडल और संगठन के कई नेता शामिल हुए।

## शहर के कई आयोजनों में की शिरकत, बधाई देने सीएम साय सहित शामिल हुआ मंत्रिमंडल

### राजनांदगांव ने दी पहचान

छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह ने कहा कि राजनांदगांव ने उन्हें नाम दिया, पहचान दिया। उन्होंने कहा कि आज जिस गौरव के स्थान पर वह खड़े हैं, यह स्थान राजनांदगांव की जनता ने दिया है। डॉ. रमन सिंह ने कहा कि उनकी पैदाइश कवर्धा जिले के गांव ठाठापुर में हुई है, लेकिन उनका राजनीतिक पुनर्जन्म राजनांदगांव में हुआ है और राजनांदगांव से उन्हें पहचान मिली है। उन्होंने कहा कि मुझे यहां तक लाने में नांदगांव की जनता और भाजपा कार्यकर्ताओं का अहम योगदान है। जिसके लिए वह सभी का आभार व्यक्त करते हैं।




### कवि सम्मेलन में उमड़ी भीड़

अंतर्राष्ट्रीय कवि डॉ. कुमार विश्वास ने अपनी कविताओं से काव्य मंच को गौरवान्वित किया। वहीं हास्य व्यंग के कवि डॉ. सुरेंद्र दुबे ने राजनांदगांव की जनता को हमेशा की तरह जमकर हंसाया। गीत गजल की कवयित्री डॉ. सुमन दुबे ने इस कवि सम्मेलन में शमा बांध दिया। वहीं वीर रस की कवयित्री कविता तिवारी ने उपस्थित श्रोताओं के मन में देशभक्ति का जज्बा जगाया और हास्य कवि दिनेश बाबरा के काव्य पाठ से श्रोता लोटपोट हो गए। कार्यक्रम के मीडिया पार्टनर आईएनएच थे।

### बायोमेट्रिक नहीं कराने वाले राशन कार्ड होंगे निरस्त

# केवाईसी से तौबा: बिना जांच सवा लाख लोग ले रहे सरकारी राशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कई तरह की कवायद के बाद भी जिले के करीब सवा लाख लोगों ने अभी तक राशन कार्ड की जांच नहीं कराई है। ये वो लोग हैं, जिन्होंने अपना आधार कार्ड जमा नहीं करने के साथ ही बायोमेट्रिक भी नहीं करवाया है। राज्य सरकार की ओर से अभी अक्टूबर तक लोगों को छूट दी गई है कि वे बिना सत्यापन के भी राशन ले सकते हैं। इस वजह से अफसरों को भी नहीं पता चल पा रहा है कि राशन लेने वालों में कितने कार्ड फर्जी हैं। उनका कहना है कि जब तक सत्यापन की आखिरी तारीख खत्म नहीं हो जाती, डाटा अपडेट नहीं हो सकते हैं। इसके बाद ही यह सत्यापित होगा कि कितने कार्ड फर्जी हैं, क्योंकि बायोमेट्रिक नहीं कराने वाले लोगों के राशन कार्डों को निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

खाद्य विभाग के मुताबिक तिथि बढ़ाए जाने के बाद कई हितग्राही जिला खाद्य विभाग कार्यालय के अलावा एफपीएस व आन माध्यम से भी आवेदन कर नवीनीकरण करवा रहे हैं। नवीनीकरण के आंकड़ों को देखते हुए शासन ने एक बार फिर समय-सीमा बढ़ाकर 31 अक्टूबर कर दिया है। अधिकारियों के मुताबिक नवीनीकरण की धीमी रफ्तार का एक कारण हितग्राही परिवारों का पलायन होना है। इसके साथ ही कुछ लोगों की मृत्यु या फिर अन्य कारणों के चलते राशनकार्ड का हितग्राही नवीनीकरण कराने नहीं पहुंच पाए हैं। जिससे कार्डधारकों की संख्या में कमी आई है।

### राज्य सरकार ने अक्टूबर तक दी छूट




### तकनीकी दिक्कतें भी आई सामने

केवाईसी में तकनीकी दिक्कतें भी सामने आ रही है। कई बुजुर्ग और बच्चों के फिंगर प्रिंट नहीं आ पा रहे हैं। जिसके कारण उनकी केवाईसी नहीं हो पा रही है। वहीं कई ऐसे एपीएल परिवार भी हैं जो न तो राशन दुकान से राशन उठाते हैं और न ही वे राशन कार्ड का केवाईसी करा रहे हैं।

### करा सकते हैं नवीनीकरण

खाद्य विभाग के रविन्द्र सोनी का कहना है कि नवीनीकरण के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। हितग्राहियों की बड़ी संख्या को देखते हुए शासन के आदेश पर नवीनीकरण की समय-सीमा को बढ़ाया गया है। 31 अक्टूबर तक हितग्राही विभिन्न माध्यम से राशनकार्ड नवीनीकरण करवा सकते हैं।

### अधिकारी ने लगाई दुकानदारों की क्लास

करीब 18 फीसदी लोगों द्वारा केवाईसी नहीं कराए जाने के आंकड़े सामने आने के बाद खाद्य महकमे ने राशन दुकानदारों की भी बैठक लेकर उन्हें यह निर्देश दिए हैं कि जो लोग राशन कार्ड का नवीनीकरण नहीं करा रहे हैं, उनके फोन पर संपर्क किया जाए। उन्हें इस बात की जानकारी जरूर दी जाए कि राशन कार्ड का नवीनीकरण नहीं कराने पर उनका कार्ड निरस्त हो जाएगा।

# स्थान को लेकर पशोपेश में प्रशासन फटाका दुकान के लिए आवेदन 22 तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दिवाली को लेकर हर साल लगने वाले फटाखा बाजार को लेकर तैयारियां शुरू कर ली गई है। निगम ने दुकान लगाने के लिए इच्छुक लाईसेंसी से आवेदन मंगाए हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 22 अक्टूबर तय की गई है। जिसके बाद लॉटरी प्रक्रिया की जाएगी।

हालांकि अब तक प्रशासन दुकानों को लेकर स्थान का चयन नहीं कर पाया है, जिस म्युनिसिपल स्कूल मैदान में अब तक फटाखा बाजार लगाया जाता रहा है, वहां इस बार काफी विरोध देखने को मिल रहा है। ऐसे में स्थान परिवर्तन देखने को मिल सकता है।

उल्लेखनीय है कि म्युनिसिपल स्कूल मैदान में पिछले साल ही प्रशासन ने 32 लाख रुपए खर्च कर घास लगवाया है। जिसके बाद से ही खेलप्रेमी इस मैदान को अन्य आयोजनों के लिए देने का विरोध करते आए हैं। पिछले साल भी फटाखा बाजार यहां लगाने को लेकर विरोध देखने को मिला था। ऐसे में इस बार प्रशासन स्थान चयन को लेकर पशोपेश में है।




### साढ़े चार हजार फीस

नगर निगम द्वारा लाईसेंसी फटाका व्यवसायियों से अस्थाई भूखंड शुल्क जमा करने 22 अक्टूबर तक तिथि निर्धारित किया गया है। शुल्क जमा उपरांत लाटरी के माध्यम से अस्थाई भूखंड आबंटन की कार्रवाई की जाएगी। आवेदन के लिए आवेदन शुल्क एवं अस्थायी भूखंड आबंटन शुल्क राशि 4590 रुपए देकर आवेदन प्राप्त कर जमा किया जाएगा।

### भंडारा आज

**राजनांदगांव।** सार्वजनिक कालीमाई मंदिर समिति द्वारा शरद पूर्णिमा के अवसर पर कल 16 अक्टूबर को शाम सात बजे से रात्रि 11 बजे तक नंदई कोठारपारा में भंडारा का आयोजन किया गया है। पार्षद प्रतिनिधि अरूण साहू एवं आयोजन समिति ने धर्मप्रेमी जनता से उपस्थिति की अपील की है।

### जमीन बेचने के नाम पर धोखाधड़ी

**राजनांदगांव।** दूसरे की जमीन को अपना बताकर सौदा करने एवं रजिस्ट्री ना करने के मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी आवेदक मोहम्मद नासीर शिक्षक नगर चिखली निवासी ने पुलिस से शिकायत की थी कि अनावेदक लोकनाथ सोनकर द्वारा 28 अक्टूबर 2021 को ग्राम सिंघोला स्थित जमीन को दिखाकर 6 माह के भीतर आवेदक के पक्ष में रजिस्ट्री कराने का इकरार कर नगदी दस लाख रुपए एवं दो चेक के माध्यम से 10 लाख रुपए प्राप्त कर सौदा शुदा जमीन का आवेदक क्रेता के पक्ष में रजिस्ट्री नहीं कर रहे तथा उक्त रकम को वापस मांगने पर टाल मटोल किया जा रहा है। अनावेदक लोकनाथ सोनकर उक्त भूमि का स्वामी नहीं होते हुए भी जमीन की रजिस्ट्री करने का सौदा कर 20 लाख रुपए का धोखाधड़ी किया है। पुलिस ने इस मामले में अनावेदक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।


**खरीदी के शुभ दिन**

SHOP & WIN
JEETO DHAN DHANA DHAN

प्रत्येक ₹ 9000 की खरीदी पर पायें एक लक्की कुपन और अनेक उपहार

वार्षिक उपहार उत्सव के साथ साथ प्रत्येक 2 माह में भी पाईये आकर्षक उपहार




| बंपर ड्रॉ | | |
|---|---|---|
| 1st | टाटा टिआगो | 1 no |
| 2nd | होण्डा एक्टिवा | 1 no |
| 3rd | रेफ्रिजरेटर | 3 nos |
| 4th | पार्टी स्पीकर | 5 nos |
| 5th | एयरफ्रायर | 10 nos |
| 6th | ईयर बड्स | 25 nos |

| प्रत्येक 2 माह के ड्रॉ | | |
|---|---|---|
| 1st | होण्डा एक्टिवा | 1 no |
| 2nd | आई फोन | 1 no |
| 3rd | रेफ्रिजरेटर | 1 no |
| 4th | पार्टी स्पीकर | 5 nos |
| 5th | एयरफ्रायर | 10 nos |
| 6th | ईयर बड्स | 25 nos |

**Double Gold Rate Protection**

ADVANCE BOOKING

त्यौहारों की भीड़ से पहले अपनी पसंद के आभूषण आज के भाव से बुक करायें। यदि त्यौहारों में भाव बढ़ते हैं तो भी फायदा आपका और यदि भाव कम होते हैं तो कम भाव में आपको भुगतान करना होगा। अभी से दीपावली तक कभी भी शुभ मुहूर्त में ले जायें अपने मनचाहे आभूषण।

**सहेली ज्वेलर्स**



हमारी शाखाएं
- भिलाई : सिविक सेंटर फोन : 9111177553
- दुर्ग : गाँधी चौक फोन : 9111177550
- रिसाली : बी.एस.पी मार्केट फोन : 9111177558

100% EXCHANGE VALUE OF OLD GOLD | 100% CERTIFIED DIAMONDS | 100% HALLMARK GOLD

All 7 Days Open | Parking Available

T&C apply*

TEAM CREATIVE ADVERTISERS



**समदा सुपरस्पेशलिटी अस्पताल**

NABH मान्यता प्राप्त



**डॉ. दीपिका जैन**
बी. डी. एस. एम. डी. एस.
(आथोर्डोंटिक्स एवं डेन्टोफेशियल सर्जन)

उपलब्ध सुविधाएं
- सिंगल सिटिंग रूट कैनाल ट्रीटमेंट
- टेढ़े-मेढ़े. एवं बाहर निकले दांतों का उपचार (मेटल / सिरेमिक ब्रेसेस द्वारा)
- ब्लीचिंग द्वारा दांत सफेद करना
- लेजर / दांत के रंग की फिलिंग
- दांत निकालना
- मुंह कम खुलने का उपचार
- इम्प्लांट द्वारा फिक्सड दांत लगाना
- मुंह के छाले का उपचार



मिलने का समय - प्रात : 10 बजे से शाम 7 बजे तक
पता :-बसंतपुर, महामाया चौक, VIP रोड, राजनांदगांव (छ.ग.)
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें :- 7744356654



**संजीवनी नर्सिंग होम**
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

**डॉ. किशोर सांगोड़े**
MBBS, MD (Internal Medicine)

- ब्लड प्रेशर
- शुगर
- थायराइड
- बुखार
- खांसी
- छाती रोग
- पेट रोग
- किडनी
- लकवा
- माइग्रेन
- श्वास तथा हृदय संबंधित समस्या
- नसों से संबंधित बीमारियों के विशेषज्ञ

OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप

### सारंगपुर खुर्द में धूमधाम से मना दशहरा पर्व



**कवर्धा।** दुर्गा उत्सव समिति श्री पंचदेव मंदिर सारंगपुर खुर्द में धूमधाम मे दशहरा पर्व धुमधाम से मनाया गया। वही रामलीला करते हुए शोभायात्रा निकाली गई और धनुष-बाण से रावण का दहन किया गया। आसपास के लोग पहुंच कर दशहरा पर्व का आनंद उठाया और उसके बाद मां दुर्गा की विसर्जन करने ट्रैक्टर की ट्राली को सजा धजाकर मां दुर्गा को पूरे गांव मे शोभा यात्रा निकाली गई अंतिम विदाई देने के लिए श्रद्धालु लोगों का ताता लगा रहा इसके बाद तालाब में विसर्जन विधि विधान से किया गया जिसमें समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

### उडिया कला में साइबर जन-जागरूकता पखवाडा संपन्न

**स/लोहारा।** पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल एंव अति पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल के निर्देश में सोमवार को थाना प्रभारी सहसपुर लोहारा व स्टाफ द्वारा हाई स्कूल उडिया कला में साइबर जन जागरूकता पखवाडा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे स्कूली छात्र-छात्राओ व समस्त शिक्षकगण उपस्थित हुए जिन्हे साईबर अपराध एंव साइबर ठगी होने से बचने के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही आमतौर पर सबसे ज्यादा ठगी किए जाने वाले तरीके जैसे लोन देने के नाम पर ठगी, आनलाईन नौकरी लगाने के नाम पर ठगी, टावर लगाने के नाम पर, फर्जी लाटरी लगने का झासा देकर ठगी, साइबर स्टकिंग, हाउस अरेस्ट, सैक्शटार्सन, व्हाटसप हैक, फैसबुक इंस्टाग्राम हैक करके व फर्जी एप्लीकेशन के बारे में जानकारी दिया गया व सतर्कता पूर्वक कम्प्यूटर व मोबाईल का उपयोग करने कहा गया। इस दौरान शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

### छत्तीसगढ़ का सर्वप्रथम दुलेराय अघोर डांस ग्रुफ अंजोरा दुर्ग का कार्यक्रम आयोजित

# नगर पंचायत पिपरिया की शारदीय नवरात्रि रही अनोखी व खास

हरिभूमि न्यूज ⏭पिपरिया

नगर पंचायत पिपरिया मे 13 अक्टूबर 2024 को विजयादशमी के दूसरे दिवस रविवार की संध्या को बजरंग दल दुर्गा उत्सव समिति नगर पंचायत पिपरिया द्वारा नगर पंचायत पिपरिया में इस समिति द्वारा नौ दिनों के लिए स्थापित मां दुर्गा देवी की प्रतिमा जो कि डोंगरगढ़ की माता बमलेश्वरी की मूर्ति की तरह ही बनी हुई थी, उस मूर्ति के आजू और बाजू में दो बब्बर शेर भी अति दुर्लभ था जिसका पंडाल भी अतिशोभनीय दिखाई दें रहा था, जिसका दीदार करने के लिए नौ दिनों तक भक्तों तथा श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और मां दुर्गा देवी की उस दिव्य तथा अलौकिक मूर्ति जिसका विसर्जन हेतु शोभायात्रा निकाला गया जिसमें छत्तीसगढ़ का सर्वप्रथम दुलेराय अघोर डांस ग्रुफ अंजोरा दुर्ग का कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमें उनके द्वारा नगर पंचायत पिपरिया के बड़े बाजार, छोटे बाजार एवं लक्ष्मी चौक में जसगीत की धुनो पर अपनी बहुत ही शानदार प्रस्तुति दी गई जिसे लोग मंन्त्रमुग्ध होकर देखते ही रह गए, कार्यक्रम का आनंद लेने नगर पंचायत पिपरिया एवं आसपास के दर्जनों गांवो से भी अधिक बड़ी संख्या मे लोग पहूंचे थे कार्यक्रम के दौरान अत्यधिक भीड़ दिखाई दिया इस प्रकार का आयोजन इस क्षेत्र में प्रथम बार हुआ लोगों मे कार्यक्रम के प्रति बहूत ही उत्सुकता बनी हुई थी कार्यक्रम के अंतिम तक दर्शक डटे रहे, कार्यक्रम में शांति एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए नगरवासी एवं पुलिस प्रशासन का बहुत सहयोग प्राप्त हूआ, मां दुर्गा देवी की इस दिव्य मूर्ति और पूरे पंडाल का देखरेख, पूजा पाठ की व्यवस्था तथा सेवा का कार्य बजरंगदल दुर्गोत्सव समिति नगर पंचायत पिपरिया के सदस्यों के द्वारा भक्तिभाव से किया गया, अघोरी बाबा के कार्यक्रम की व्यवस्था को भी बजरंग दल दुर्गोत्सव समिति नगर पंचायत पिपरिया ने संभाला इसमें नगर पंचायत पिपरिया के कार्यवाहक अध्यक्ष विक्की अग्रवाल, जो कि बजरंग दल दुर्गोत्सव समिति नगर पंचायत पिपरिया का विशेष योगदान रहा।

### नगरवासियों ने नम आंखों से दुर्गा मां का विसर्जन किया



14 अक्टूबर के दिन बजरंग दल दुर्गा उत्सव समिति नगर पंचायत पिपरिया द्वारा नवरात्रि एवं विजयादशमी पर्व समापन के पश्चात देवी मां की प्रतिमा को श्रद्धा-भक्ति एवं बाजे-गाजे, आतिशबाजी के साथ नगर भ्रमण कराते हुए स्थानीय सकरी नदी विसर्जन किया गया जिसमें समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु नगरवासी सम्मलित हूए, प्रतिदिन सुबह शाम श्रद्धा-भक्ति के साथ पूजन किया गया, सेवागीत, भक्ति-भजन के साथ-साथ प्रसाद वितरण भी किया गया। वही अष्टमी मे विशेष हवन-पूजा किया गया, और अंत में मां दुर्गा देवी की इस दिव्य मूर्ति का विसर्जन इस समिति के सदस्यों तथा आम नगरवासियों ने नम आंखों से भावविभोर होकर दिया।

# पण्डरिया में शेयर धारक गन्ना किसानों को रियायती दर पर शक्कर का विक्रय प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭पंडरिया

लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित, पण्डरिया के शेष बचे सभी शेयर धारक कृषकों को रियायती दर पर 25 रूपए प्रति किलोग्राम के मान से 50 किलो शक्कर वितरण दिनांक 16 अक्टूबर 2024 से 19 अक्टूबर 2024 तक पुनः वितरण किया जा रहा है, पण्डरिया ब्लॉक के शेयरधारी कृषक 16 अक्टूबर 2024 तक एवं लोरमी,पथरिया ब्लॉक के शेयरधारी कृषक दिनांक 23 अक्टूबर 2024 से 24 अक्टूबर 2024 तक तथा ऐसे शेयरधारी कृषक जो उक्त तिथि मे शक्कर प्राप्त कर सकते है। कृषकों जो शक्कर नही ले पाये है ऐसे सभी कृषक उपरोक्त अवधि में शक्कर प्राप्त कर सकते है। शेयरधारक गन्ना किसान जिन्हे रियायती दर पर शक्कर प्राप्त करना है, अपने साथ आधार कार्ड की छायाप्रति, शेयर प्रमाण पत्र अथवा शेयर प्राप्ति हेतु जमा मनी रसीद काउन्टर में जमा करने के पश्चात ही शक्कर का वितरण किया जावेगा। शक्कर का वितरण कार्यालयीन कार्य दिवसों में तथा कार्यालयीन समय प्रातः 10.30 से शाम 5.00 बजे तक किया जाएगा।

# वीर गाथा 4.0 अंतर्गत रंगोली, निबंध, पेंटिंग प्रतियोगिता सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭बरबसपुर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैरबना कला में वीर गाथा फोर जीरो के अंतर्गत रंगोली निबंध पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्राचार्य एनपी तिवारी और केदार चंद्रवंशी मार्गदर्शन में श्रीमती भाना ध्रुव व्याख्याता द्वारा छात्र छात्राओं को प्रेरित कर वीरों की जीवनी और पराक्रम को चित्र और रंगोली के द्वारा जीवंत चित्रित किया गया छात्रों द्वारा आजादी के समय देश के वीरों द्वारा किए गए उनके बलिदान और पराक्रम को दर्शाते हुए रंगोली और चित्र बनाया गया।

प्रतियोगिता में रोहित बिसेन, रजनीश श्रीवास्तव, वाय आर कपिल, अर्चना वैष्णव, महालक्ष्मी सिन्हा, मनीषा शर्मा, गीता ओईका, श्रीराम साहू, नागेश्वर भारती, उमा साहू, पवन मेरावी, खिलेन्द्र साहू, चौरिया, पोषण साहू, पंकज चंद्रवंशी, आयुष शर्मा,



वीरेंद्र वरके, खिलेश्वरी साहू साथ ही पुरे शाला परिवार का सहयोग रहा।

# प्रमुख प्राथमिक शाला कवर्धा में बच्चों को खीर, पूरी, मिष्ठान खिलाकर दानदाताओं ने कराया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कवर्धा नगर के प्रमुख प्राथमिक शाला कवर्धा में अक्टूबर माह में तीसरे दिन शहर के प्रतिष्ठित, समाजसेवी, दान दाताओं द्वारा बच्चों को तिलक लगा कर खीर, पुड़ी, सब्जी, मिष्ठान परोस कर नेवता भोजन कराया गया।

बता दे कि संस्था प्रमुख सीडी भट्ट ने बताया कि छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर रमन सिंह का जन्म दिन के अवसर पर शहर के प्रतिष्ठित समाजसेवी अतुल देशलहरा, श्रीमती राखी देशलहरा, सहज कुमार देशलहरा, द्वारा सपरिवार उपस्थित होकर बच्चों को पौष्टिक आहार के रूप मे नेवता भोजन कराया गया।

शहर के प्रतिष्ठित समाजसेवी जसविंदर बग्गा, द्वारा बताया गया कि शहर का सबसे प्राचीनतम स्कूल है, इसी विद्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर रमन सिंह अपने प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त किया है, जिन्हें छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री के रूप में लगातार 15 वर्षों तक सेवा करने का मौका मिला है। इस नेवता भोज कार्यक्रम में अतुल देशलहरा, श्रीमती राखी देशलहरा, सहज कुमार देशलहरा, जसविंदर बग्गा, रामकुमार दाऊ, शिक्षा विभाग से विकास खंड शिक्षा अधिकारी संजय जायसवाल, संजय श्रीवास्तव, संस्था के प्रधान पाठक सीडी भट्ट, संतोष यादव, पुखराज साहू, गायत्री मोहले, श्रीमती रजनी वर्मा, अशोक कुमार विनायक उपस्थित थे।



### पिपरिया में माँ दुर्गा की प्रतिमा सकरी नदी में विसर्जित



**हरिभूमि पिपरिया।** सोमवार को बजरंग दल दुर्गा उत्सव पिपरिया नवरात्रि एवं विजयादशमी पर्व समापन के पश्चात मां दुर्गा की प्रतिमा को श्रद्धा-भक्ति एवं बाजे-गाजे, आतिशबाजी के साथ नगर भ्रमण कराते हुए स्थानीय सकरी नदी विसर्जन किया गया। जिसमें समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु नगरवासी सम्मलित हूए। प्रतिदिन सुबह शाम श्रद्धा-भक्ति के साथ पूजन किया गया , सेवागीत, भक्ति-भजन के साथ-साथ प्रसाद वितरण भी किया गया अष्टमी मे विशेष हवन-पूजा किया गया ।

# संक्रमण से बचने हाथ साबुन से धोने आदत बनाए छात्र : दिलीप सिंह



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

शुक्रवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय चिमरा में विश्व हाथ धुलाई दिवस के अवसर पर अध्यनरत 212 छात्र-छात्राओं में व्यक्तिगत स्वच्छता एवं संक्रमण से बचने प्रतिदिन नियमित रूप से खाना खाने से पहले एवं सौउच से आने के बाद साबुन से विधि को सात चरणों से हाथ धोने करने प्रधान अध्यापक दिलीप सिंह अपने छात्रों को साबुन से हाथ धोने के सात चरणों को बदलते हुए विश्व हाथ धुलाई दिवस मनाया शिक्षक विष्णु दत्त कौशिक ने छात्रों को साबुन से हाथ धोने के महत्व को बतलाया शिक्षिका श्रीमती ज्योति खरे ने छात्रों को प्रति दिवस मध्यान भोजन के पूर्व विगत सालों से साबुन से हाथ धोने उपरांत भोजन ग्रहण करने उनकी आदतें सुदृढ़ की विद्यालय में पदस्थ शिक्षक शक्ति वन दास राय, नीलिमा तिवारी मालती चंद्रवंशी, सुनीता ठाकुर ने समस्त छात्रों के व्यक्तिगत स्वच्छता की जांच करते हुए उन्हें स्वच्छ रहने स्वस्थ रहने को प्रेरित किया।

# पिपरिया में मां दुर्गा प्रतिमा का किया विसर्जन



हरिभूमि न्यूज ⏭पिपरिया

नगर पिपरिया मे आज विजयादशमी के दूसरे दिवस रविवार संन्ध्या को बजरंग दल दुर्गोत्सव समिति द्वारा नगर पिपरिया मे मां देवी प्रतिमा का विसर्जन हेतु शोभायात्रा निकाली गई जिसमें छत्तीसगढ़ का सर्वप्रथम दुलेराय अघोर डांस ग्रुफ अंजोरा दुर्ग का कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

जिसमें उनके द्वारा नगर पिपरिया के बड़े बाजार, छोटे बाजार एवं लक्ष्मी चौक में जसगीत की धुनो पर अपनी बहुत ही शानदार प्रस्तुति दी लोग मंन्त्रमुग्ध होकर देखते रहे, कार्यक्रम का आनंद लेने नगर एवं आसपास के गांवो से बड़ी संख्या मे लोग पहूंचे थे कार्यक्रम के दौरान खूब भीड़भाड़ दिखाई पड़ा इस प्रकार का आयोजन इस क्षेत्र में प्रथम बार हूआ लोगों मे कार्यक्रम के प्रति बहूत ही उत्सुकता बनी हुई थी कार्यक्रम के अंतिम तक दर्शक डटे रहे। कार्यक्रम में शांति एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए नगरवासी एवं पुलिस प्रशासन का बहुत सहयोग प्राप्त हूआ।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071




### आस्था समिति के सदस्यों को अभिव्यक्ति एप के बारे में किया जन जागरूक

# जागरूकता अभियान में ठगी के बचाव का उपाय बताया

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जन जागरूकता अभियान के तहत पुलिस विभाग नव आस्था समिति के साथ कवर्धा के मंजगाव रोड़ में साइबर ठगी एवं बचाव के उपाय पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में महिला सेल जिला कबीरधाम द्वारा आस्था समिति मजगांव रोड कवर्धा में मंगलवार को आस्था समिति के सभी सदस्यों को सउनि विजया कैवर्त के द्वारा साइबर जन जागरूकता अभियान पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत साइबर अपराध, साइबर से ठगी के बचाव का उपाय बता कर जागरूक किया गया। वही ऑनलाइन ठगी के बारे में जागरूकता संबंधी जानकारी दी गई। एवं नए कानून के बारे में बताया गया, अपराधिक कानुनो के मुख्य विशेषताओं के बारे में बताया गया, एवं अभिव्यक्ति एप, घरेलू हिंसा, साईबर क्राइम, पोक्सो एक्ट, दहेज प्रथा, छेड़छाड़, यातायात नियमों का पालन के बारे में बताया गया। आस्था समिति के सभी सदस्यों को अभिव्यक्ति एप, के बारे में व महिलाओं के ऊपर हो रहे घटनाओं के बारे में बताया गया, एवं सभी सदस्यों को साइबर जन जागरूकता अभियान का पम्पलेट बाटा गया। कार्यक्रम में महिला सेल जिला कबीरधाम से सउनि विजया कैवर्त प्रधान आरक्षक सुकमत मेंरावी, आरक्षक चंद्रशेखर चंद्राकर, महिला आरक्षक रुकमणी ,रजनी, तीजन सहित उपस्थित थे।



Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्सों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

### सड़क दुर्घटना में कमी लाने सुरक्षात्मक उपाय करने के आवश्यक दिशा-निर्देश

# मवेशियों को मुख्यमार्ग से हटाकर सुरक्षित स्थान में रखे जाने के निर्देश

- यातायात नियमों का पालन करने कलेक्टर ने की आम नागरिकों से अपील।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले में बढ़ रहीं सड़क दुर्घटना में कमी लाने और सुरक्षात्मक उपाय करने के संबंध में जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग, यातायात विभाग, परिवहन विभाग, पीएमजीएसवाय और नेशनल हाईवे को संयुक्त टीम बनाकर दुर्घटना जन्य क्षेत्र में सुरक्षात्मक कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वर्मा ने सड़क दुर्घटनाओं को ध्यान मे रखते हुए यातायात नियमों का पालन करने की अपील आम नागरिकों से की, जिससे वाहन दुर्घटना मे कमी लाई जा सके। कलेक्टर ने सभी विभागों को इस बात पर जोर देने के लिए कहा कि सुरक्षा उपायों को प्राथमिकता दी जाए, विशेष रूप से उन क्षेत्रों में जहां दुर्घटनाएं अधिक होती हैं। कलेक्टर ने सड़क सुरक्षा जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करने के निर्देश दिए ताकि नागरिकों में यातायात नियमों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाई जा सके। उन्होंने कहा कि अगर सभी मिलकर काम करेंगे, तो सड़क पर सुरक्षा में सुधार लाना संभव है। कलेक्टर श्री वर्मा ने जिले में सड़क दुर्घटनाओं के रोकथाम की दृष्टि से चिन्हांकित ब्लैक स्पॉट, ग्रे-स्पॉट और अन्य दुर्घटना जन्य क्षेत्र में क्रैश बैरियर, सावधान व अन्य सूचना फलक बोर्ड लगाने, रोड मार्किंग सहित आवश्यकतानुसार रंबल स्ट्रीप लगाने के साथ अन्य सभी सुरक्षात्मक उपाय करने के निर्देश दिए। साथ ही साथ सभी घाटी मार्गों में समुचित उपाय के साथ-साथ पौधरोपण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में मवेशियों के कारण सड़क दुर्घटना होने की संभावनाएं बनी रहती है। इसके लिए मवेशियों को मुख्य मार्ग से हटाकर सुरक्षित स्थान पर रखे जाने के संबंध में कार्यवाही करने एवं रिफलेक्टिव बेल्ट लगाने के निर्देश दिए।

### हिट एंड रन मृत्यु व गंभीर चोट के प्रकरण में मुआवजा राशि का प्रावधान



भारत सरकार सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार हिट एंड रन टक्कर मारकर भागना मोटरयान दुर्घटना पीड़ित प्रतिकर स्कीम 2022 लागू किया गया है, यह 01 अप्रैल 2022 से लागू हो चुका है। जिला परिवहन अधिकारी मोहन साहू ने बताया कि इस स्कीम के अनुसार हिट एंड रन के मृत्यु प्रकरण में 02 लाख रूपए मुआवजा राशि देय होगी तथा गंभीर चोट प्रकरण में 50 हजार रूपए मुआवजा राशि देय होगी। उन्होंने बताया कि प्रथम दुर्घटना रिपोर्ट दर्ज होने के उपरांत एक माह की अवधि तक अगर वाहन की पहचान नहीं हो पाती तो पुलिस पीड़ित परिवार को इस योजना के तहत दावा जांच अधिकारी के समक्ष दावा आवेदन प्रस्तुत करने के संबंध में सूचना देना होगा। जिला परिवहन अधिकारी मोहन साहू ने बताया कि दावा कर्ता द्वारा मुआवजा के लिए आवेदन फार्म में दावे के प्रतिदाय के लिए वचनबद्ध तथा अन्य दस्तावेज जांच अधिकारी को प्रस्तुत करना होगा। इसके लिए आवश्यक दस्तावेज दावा कर्ता का पासबुक की कापी, अस्पताल द्वारा नगदी रहित उपचार प्रदान करने के बिल की प्रति, पीड़ित व्यक्ति का पहचान प्रमाण पत्र, पता प्रमाण पत्र की प्रति, दावाकर्ता का पहचान प्रमाण पत्र एवं पता प्रमाण पत्र की प्रति, मृत्यु प्रमाण पत्र या चोट की रिपोर्ट, पुलिस प्रथम दुर्घटना रिपोर्ट की प्रति और मृत्यु के प्रकरण में पोस्ट मार्टम रिपोर्ट संलग्न करना होगा।

# धार्मिक स्थल में राजनीति बंदकर, गांव में शांति बहाल करें: राजा खड़गराज सिंह

- कवर्धा धर्म की नगरी है ऐसे में किसी समाज विशेष के लोगों को विधर्मी कहना अनुचित।

हरिभूमि न्यूज ▶▶स./लोहारा



ग्राम कामठी में दो समाज के बीच चल रहे धार्मिक विवाद में राजा खड़गराज सिंह ने शांति व्यवस्था बनाए रखने कि अपील की गई साथ ही साथ विवाद बढ़ने जैसे बयान देने से बचने की सलाह दी है, उन्होंने कहा कि कबीरधाम शांति का टापू है और यहां के लोग शांतिपूर्ण तरीके से रहने में विश्वास रखते है ऐसे में कामठी में हुए दो पक्षो में विवाद को जल्द सुलझा ले, गांव में सभी पक्षो का मंदिर जैसे पवित्र स्थल में सभी का सामान्य अधिकार होता है ऐसे में किसी एक पक्ष का एकाधिकार होना या दावा करना पूर्णतः गलत है और किसी पक्ष विशेष को विधर्मी बोलना सरासर गलत है। कवर्धा धर्म की नगरी है ऐसे में किसी समाज विशेष के लोगो को विधर्मी कहना अनुचित है और किसी समाज विशेष को आहत पहुचने ऐसे बयानों से बचना चाहिए और लोगो से भी अनुरोध करते है कि ऐसे वकतव्य देने से बचे जिसे समाज विशेष को आहत पहुचे, कबीरधाम जिले में सर्व समाज राजपरिवार से जुड़ा है और यहां सभी हमारे अपने है ऐसे में अपने घर मे हुए किसी विवाद को राजनीतिक रंग देना सही नही होगा। उन्होंने शासन प्रशासन से अनुरोध करते है दोनों पक्ष को सामने बैठा कर इस मामले को हल करे और इसका राजनीतिकरण करने वाले भी सचेत रहे और तनाव की स्थिति निर्माण ना करे और हम पुनः सभी से अनुरोध करते है कामठी या अन्य किसी भी स्थान में ऐसे किसी भी विवाद को शांति से बैठ के शांतिपूर्ण तरीके से सभी समाज को साथ लेकर निराकरण करे और शांति व्यवस्था बनाए रखने में अपना योगदान दे।

### विधायक ने संचालित किया निःशुल्क स्वास्थ्य प्रशिक्षण



**हरिभूमि कोलेगांव।** जिले में एंबुलेंस वाली दीदी के नाम से मशहूर पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा मोबाइल हेल्थ पैथलैब संचालित है जो गांव-गांव एवं हॉट बाजार में कैंप लगाकर लोगों की निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर ग्रामीणों की सेवा कर रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को पंडरिया क्षेत्र के ग्राम पेण्ड्री कला में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कैंप मोबाइल पैथलैब के माध्यम से आयोजित हुआ जिसमे अधिक से अधिक संख्या में आसपास क्षेत्रवासियों ने अपना निःशुल्क परीक्षण करवाया। इस मोबाइल हेल्थ पैथ लैब के माध्यम से पंडरिया विधानसभा सहित आसपास क्षेत्रों में ग्रामवासियों को इसका लाभ मिल रहा है। इस हेल्थ लैब में 20 से भी अधिक प्रकार के गंभीर और सामान्य बीमारियों कि परीक्षण किया गया। पंडरिया विधायक श्रीमती बोहरा द्वारा मोबाइल हेल्थ पैथ लैब निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण में मुख्य रूप ग्राम पंचायत सरपंच जलेश्वर चंद्राकर, संतोष चंद्रवंशी, रामकुमार चंद्रवंशी, मान कुमार, देवेंद्र चंद्रवंशी सहित आसपास क्षेत्र के ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### जिपं में सामान्य सभा की बैठक आज, बैठक में सर्व संबंधित होगें उपस्थित

**हरिभूमि कवर्धा।** जिला पंचायत कबीरधाम के सामान्य सभा की बैठक जिला पंचायत के सभाकक्ष में 16 अक्टूबर को जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला भट्ट की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी, सामान्य सभा की बैठक दोपहर 01 बजे से होगी। बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में सर्व संबंधितों को जानकारी के साथ उपस्थित होने कहा गया।

### पंडरिया में मां दुर्गा विसर्जन धूमधाम से किया

**हरिभूमि पंडरिया।** नगर के मां दुर्गा पंडाल में विराजित मा दुर्गा के प्रतिमा का विसर्जन रविवार को धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ गाजा बाजा के साथ देर रात तक किया गया। नगर व ग्रामीण क्षेत्र के मां दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन सोमवार को भी किया गया, जिसमें बैरागपारा, दुर्जाबंद पारा, मां महामाया चौंक, बैरासिन चौंक, बस स्टैण्ड सहित अनेकों जगह विराजित मां दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन किया गया। शहर व नगर में मां दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान डीजे व परंपरागत जस गीतो के साथ नगर भ्रमण करते हुए नाचते गाते व डीजे धूमाल के धून में नगर के बांधा तालाब में किया गया। वहीं ग्राम मैनपुरा के दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन गांव के तालाब मे किया गया।

# नवनिर्मित शिव मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़



- ग्राम सुखाताल व आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों में भारी भक्तिमय का माहौल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर

कवर्धा विकासखंड अंतर्गत ग्राम सुखाताल में नव-निर्मित शिव मंदिर का तीन दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन 13 से 15 अक्टूबर तक धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ ग्राम सुखाताल में जिसमें प्रथम दिवस संध्या में भव्य जल यात्रा व गौरी-पूजन किया गया, द्वितीय दिवस बेदी-स्थापना एवं तृतीय दिवस मंदिर-संस्कार व स्थापना भव्य जला-अभिषेक एवं पूर्णाहुति कार्यक्रम किया के साथ नगर भ्रमण कर किया गया। जिसमें ग्रामचार्य पं सुरेश शर्मा व पं उदय शर्मा के मार्गदर्शन में तीन दिवसीय नव निर्मित शिव मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठास का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम से ग्राम सुखाताल सहित आसपास क्षेत्र में भारी भक्तिमय का वातावरण बना रहा।

# जर्जर व बदहाल सड़क से ग्रामीणों व राहगीरों को आवाजाही करने में भारी परेशानियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

पंडरिया विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम कोलेगांव से अमलीमालगी, कोलेगांव से दामापुर, कुण्डा से दामापुर, कुण्डा से सेन्हाभाटा, बसनी से सिमरकोना, बसनी से खैलटोकरी, कोलेगांव से रूसे, कोलेगांव से हथमुड़ी प्रधानमंत्री सड़क अत्यंत जर्जर व बदहाल होने के कारण ग्रामीणों व राहगीरों को भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री सड़क की हालत बद से बत्तर व जगह-जगह गड्ढे ही गड्ढे में तब्दील पीएम सड़क से आवाजाही करना दुभर व भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां बताना लाजिमी होगा की ग्राम रूसे व दामापुर प्रधानमंत्री सड़क की स्वीकृति राशि जारी होने के बाद भी स्थिति जस के तस तथा विभागीय अधिकारियों व जिम्मेदारों की भारी अनदेखी का खामियाजा ग्रामीणों तथा राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है। जिस पर ग्रामीणों ने जिम्मेदारों तथा विभागीय अधिकारियों को प्रधानमंत्री सड़क की सुधार व मरम्मत तथा नवीनीकरण की मांग की गई ताकि ग्रामीणों एवं राहगीरों को आवाजाही में राहत व सुविधा मिल सकें।

### ग्रामीणों ने सुधार व मरम्मत कार्य की मांग

ग्रामीणो मे बताया कि कांग्रेस शासनकाल में प्रधानमंत्री सड़क की सुधार तथा मरम्मत कार्य को लेकर ग्रामीणो तथा आसपास क्षेत्रवासियों द्वारा लगातार आवाज व मांग किया गया लेकिन नतिजन आम नागरिकों को निराशा का ही सामना करना पड़ा। वहीं अब भाजपा शासन काल में क्षेत्रवासियों द्वारा एक बार फिर से इन जर्जर व बदहाल प्रधानमंत्री सड़क की सुधार व मरम्मत तथा नवीनीकरण की मांग की गई ताकि ग्रामीणों व राहगीरों को सुविधा मिल सकें।

# पंचायत निर्वाचन के लिए परिसीमन वार्ड व क्षेत्र निर्धारण समय सारणी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

छत्तीसगढ़ शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से जारी दिशा निर्देश अनुसार आगामी दिसंबर 2024 जनवरी 2025 में त्रिस्तरीय पंचायतों का आम निर्वाचन कराया जाना संभावित है। जिसमें ग्राम पंचायतों के परिसीमन के लिए जनप्रतिनिधियों से प्राप्त आवेदन सुदूरवर्ति क्षेत्रो में प्रशासनिक सुविधाओं के दृष्टिकोण से विशेष परिस्थितियों में राज्य शासन द्वारा जारी सूची अनुसार ग्रामों का परिसीमन के संबंध में प्रशासकीय निर्णय लिया गया है।

जिसके अंतर्गत राज्य शासन द्वारा कबीरधाम जिले के कुल 6 नवीन ग्राम पंचायतों के गठन का प्रस्ताव किया गया है। जिसमें ग्राम दलपुरवा, खैरा एवं कामनबोड, जैतपुरी, गोपालभावना, बाम्हनटोला व तिलईभाठ, केसमर्दा के ग्राम (बांकी, गुंडादादर, झोला, खुर्सीपानी एवं गभौडा) शामिल है। जिन ग्राम पंचायतो के सीमा में परिवर्तन हो रहा है उसमें कुल 8 ग्राम पंचायत सगौनाडीह, कुरुवा, बेदरची, झलमला, विचारपुर, केसमर्दा, महली एवं खण्डसरा शामिल है। उल्लेखनीय है कि उपरोक्त प्रस्ताव के अतिरिक्त राज्य शासन द्वारा शेष ग्राम पंचायतों का परिसीमन वर्ष 2019-20 के समान यथावत रखा गया है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप कुमार अग्रवाल ने बताया कि नए परिसीमन के अंतर्गत प्रकाशन की समय सारणी राज्य शासन द्वारा तैयार की गई है।

जिसके अनुसार ग्राम पंचायत परिसीमन के लिए दावा आपत्ति संबंधित अनुविभागीय अधिकारी को प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 21 अक्टूबर निर्धारित है। इसी तरह प्रथम प्रकाशन के दावा आपत्ति का निराकरण एवं कलेक्टर को प्रतिवेदन प्रेषित करने के लिए 23 से 24 अक्टूबर की तिथि निर्धारित की गई है। दावा आपत्ति के उपरांत नवीन ग्राम पंचायतों के परिसीमन का अंतिम प्रकाशन तथा ग्राम पंचायत के नजरी नक्शा तैयार करने के लिए प्रस्तावित तिथि 25 अक्टूबर निर्धारित है। नवीन ग्राम पंचायतों का राजपत्र में प्रकाशन एवं नवीन ग्राम पंचायत का सांख्यिकी प्रतिवेदन तैयार करने 25 अक्टूबर की तिथि निर्धारित है। नवीन ग्राम पंचायतो के वार्ड का निर्धारण 28 अक्टूबर तक किया जाएगा। ग्राम पंचायतो के वार्डों का निर्धारण के प्रारंभिक प्रकाशन पर दावा आपत्ति प्राप्त कर निराकरण करने की अंतिम तिथि 4 नवंबर निर्धारित है। ग्राम पंचायतों के वार्डों का निर्धारण 6 नवंबर एवं ग्राम पंचायतो के वार्डो का सांख्यिकी प्रतिवेदन तैयार करने की अंतिम तिथि 8 नवंबर निश्चित है। अंतिम में ग्राम पंचायत के वार्डो का सांख्यिकी प्रतिवेदन राज्य निर्वाचन आयोग को प्रेषित करने की अंतिम तिथि 11 नवंबर निर्धारित की गई है। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के संबंध में परिसीमन अंतर्गत प्रस्तावित तिथियां के साथ संपूर्ण संक्षेपिका का अवलोकन जिला कार्यालय कबीरधाम, जिला पंचायत कबीरधाम कार्यालय, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय, तहसील कार्यालय, संबंधित जनपद पंचायत कार्यालय एवं संबंधित ग्राम पंचायत कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन किया जा सकता है।

### कृषि विज्ञान केन्द्र में महिला किसान दिवस मना

**हरिभूमि कवर्धा।** कृषि विज्ञान केन्द्र कवर्धा एवं कृषि विभाग के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को महिला किसान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कृषि में महिला उद्यमियों की भूमिका पर जोर देना था, कार्यक्रम में महिला स्वसहायता समूह, जोराताल, नेवारी एवं जमुनिया के लगभग 60 महिला कृषक ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को कृषि से संबंधित उद्योग धंधो की जानकारी दी गई तथा भविष्य में महिलाएं कृषि के माध्यम से आत्मनिर्भर कैसे बने इस बारे में विस्तृत रूप में जानकारी दी गई। इस अवसर पर कृषि कर्मण पुरष्कार सम्मानित श्रीमती अदिति कश्यप को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया साथ ही महिला स्वसहायता समूह, जोराताल, नेवारी एवं जमुनिया को कृषि के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ बीपी त्रिपाठी, इंजीनीयर टीएस सोनवानी, विषय वस्तु विशेषज्ञ, कृषि अभियांत्रिकी डॉ एनसी बंजारा, डिप्टी प्रोजेक्ट डायरेक्टर (आत्मा) सुशील वर्मा जिला कबीरधाम, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी श्रीमती सविता खुंटे एवं योगेश कुमार कौशिक, कार्यक्रम सहायक, कम्प्यूटर आपरेटर व ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### तीन दिवसीय गरबा महोत्सव संपन्न,सैकड़ों की संख्या में महिलाओं एवं बच्चों ने लिया हिस्सा

# स्वर्णा ग्रुप का गरबा कार्यक्रम अनुशासित व ऐतिहासिक: धर्मजीत सिंह




हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया

नगर की प्रतिष्ठित व सामाजिक संस्था स्वर्णा लेडीज ग्रुप द्वारा आयोजित विशाल गरबा उत्सव का सफल आयोजन का शानदार समापन पंडरिया के स्वर्णा लेडीज ग्रुप के संरक्षक धर्मजीत सिंह ठाकुर विधायक तखतपुर के मुख्य आतिथ्य मे सम्पन्न हुआ। मातारानी के आराधना का पर्व इस शारदीय नवरात्रि पर्व पर स्वर्णा लेडीज ग्रुप के द्वारा तीन दिवसीय विशाल गरबा उत्सव का आयोजन स्थानीय स्वामी आत्मानंद हाई स्कूल मैदान पर पूर्णतः पारिवारिक माहौल में आयोजन करके नगर में आकर्षण का केंद्र रहे, जिसमे प्रतिभागी के रूप में लगभग 200 महिलाओ व बच्चों ने गरबा नृत्य हेतु पंजीयन कराया गया था, जिसमें प्रतिदिन हजारों की संख्या में फैमिली पास ले कर दर्शक भी झूमते रहे। वहीं समापन दिवस पर तखतपुर विधायक डॉ धर्मजीत सिंह, समाजसेवी श्रीमती रेखा पाण्डेय व सुरेंद्र छाबड़ा विशेष रूप से उपस्थित थे।

धर्मजीत सिंह ने कहा कि इस महोत्सव में शामिल होकर अत्यंत गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

इतना शानदार, अनुशासित, ऐतिहासिक व विशाल गरबा कार्यक्रम ने पंडरिया नगर को एक अलग ही पहचान दी है। इस आयोजन के लिए स्वर्णा लेडीज ग्रुप को समस्त नगरवासियों को बधाई देते हुए एकजुटता, सामंजस्य और कर्मठता के साथ आयोजन आप करते रहे, हम सभी आपकी पूरी टीम के साथ हैं। वहीं जमात मंदिर पंडरिया में श्रीमती मनोरमा वैष्णव द्वारा समापन दिवस पर सभी दर्शकों के लिए प्रसाद स्वरूप खीर पूड़ी की व्यवस्था की गई थी। ग्रुप की उमा पाठक, मीनू छाबड़ा, रश्मि श्रीवास्तव व स्मृति आदि ने आभार व्यक्त किया। इस तीन दिवसीय विशाल व आकर्षक पारिवारिक, सांस्कृतिक, मर्यादित, गरबा महोत्सव करके पंडरिया नगर में इतिहास रचने में सभी प्रकार से विशेष सहयोग करने वाले अतिथिगण, स्नेहीजन, व्यापारीगण, स्वर्णा लेडीज ग्रुप की कर्णधार मातृशक्तियां, विशेष सहयोगी गण, प्रतिभागियों व नगर पालिका तथा पुलिस प्रशासन का आभार किया।

### स्वर्णा लेडीज ग्रुप की शानदार पहल

स्वर्णा लेडीज ग्रुप द्वारा एक शानदार पहल गरबा उत्सव मे बहुत सक्रियता से भाग लेने के लिए विशेष पुरुस्कार अनमीत कौर को दिया गया। साथ ही तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने उनके लिए सहायता राशि मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से दिलाने का सुखद आश्वासन स्वर्णा लेडीज ग्रुप के सदस्यों को दिया गया।

### महिला सम्मान व उत्थान को मनोबल प्राप्त होता है: विधायक

गरबा महोत्सव में पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा की उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा में चार चांद लग गए तथा मातृशक्तियों में ऊर्जा का संचार होने से कार्यक्रम बहुत परिवारिक व खुशनुमा हो गया। उन्होने कहा कि जिससे महिला सम्मान व उत्थान को मनोबल प्राप्त होता है, यहां उपस्थित सभी नगरवासियों का आभार व नवरात्रि की बधाई दी।

# महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त टीम कर रही लोगों को जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा




कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग एवं जिला बाल संरक्षण अधिकारी के नेतृत्व में महिला एवं बाल विकास विभाग, श्रम विभाग एवं चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 की टीम द्वारा कार्य योजनानुसार संयुक्त टीम बनाकर जिले के देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों की पहचान रेस्क्यू एवं पुनर्वास के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। जिसमे बाल श्रम, भिक्षावृत्ति, नशे की लत, शिक्षा से वंचित अपशिष्ट संग्रहकर्ता सड़क जैसी स्थिति में रहने वाले बच्चे मोबाइल की लत से ग्रसित बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से संघन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत कवर्धा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में संयुक्त दल द्वारा सघन भ्रमण कर जागरूकता अभियान चलाया गया, अभियान के दौरान अपशिष्ट पदार्थ संग्राहक करते हुए पाया गया। जिसे समझाईस दिया गया और उसके परिवार वालों को जानकारी दिया गया। जन-जागरूकता अभियान में टीम द्वारा रैली, जागरूकता कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक, पाम्पलेट वितरण, घर-घर जाकर परामर्श आदि माध्यमों से लोगों को बाल अधिकार संरक्षण के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान संयुक्त टीम में सत्यनारायण राठौर जिला बाल संरक्षण अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, चैतराम नंदा श्रम निरीक्षक, परमेश्वरी धुर्वे सामाजिक कार्यकर्ता, नितिन किशोरी वर्मा, श्यामा धुर्वे, अश्वनी श्रीवास्तव एन.ए.एम,महेश निर्मलकर परियोजना समन्वयक, आरती यादव, रामलाल पटेल, शारदा निर्मलकर सुपरवाइजर, ज्योति वाचकर, लक्ष्मी जाट, हीना मोंगरे मितानिन, उतरा बांधेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं वार्ड के महिला, युवा साथी बच्चे एवं उपस्थित थे।



राजनांदगांव। पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह के जन्मदिन पर युवा वेलफेयर फाउण्डेशन द्वारा शहर के म्युनिसिपल स्कूल मैदान में भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें देश के ख्यातिलब्ध कवियों ने प्रस्तुति देकर जमकर वाहवाही लूटी।

### विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने केक काटकर मनाया जन्मदिन

# मानवीय दृष्टि से सीआरसी सेंटर का निर्माण पुण्य कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह अपने जन्मदिन के अवसर पर कौशल विकास पुनर्वास और सशक्तिकरण समेकित क्षेत्रीय केंद्र (सीआरसी) ठाकुरटोला में दिव्यांग बच्चों के बीच पहुंचकर अपना जन्मदिन मनाया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने छोटे दिव्यांग बच्चों के साथ मिलकर केक काटा।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को सीआरसी सेंटर के दिव्यांग बच्चों एवं शिक्षकों ने जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने बच्चों को आशीर्वाद दिया। विधानसभा अध्यक्ष ने इस अवसर पर दिव्यांगजनों को निःशुल्क मोटराईज्ड ट्रायसायकल एवं सहायक उपकरण वितरण किया। इस दौरान सांसद संतोष पाण्डेय उपस्थित थे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आज कौशल विकास पुनर्वास और सशक्तिकरण समेकित क्षेत्रीय केंद्र (सीआरसी) ठाकुरटोला के दिव्यांग बच्चों के साथ केक काटकर खुशी हो रही है। इससे बड़ी खुशी बड़े से बड़े कार्यक्रम में नहीं मिल सकती है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि कौशल विकास पुनर्वास और सशक्तिकरण समेकित क्षेत्रीय केंद्र (सीआरसी) की कल्पना तत्कालीन केन्द्रीय मंत्री थावरचंद गहलोत ने की थी तथा इसकी स्वीकृति दी। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव में सीआरसी सेन्टर की कल्पना किसी ने नहीं की थी। छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा सीआरसी सेंटर राजनांदगांव में बनकर तैयार हो गया है।



#### बहुत बड़ा सहारा बनेगा

उन्होंने कहा कि मानवीय दृष्टि से सीआरसी सेंटर का निर्माण सबसे बड़ा पुण्य का कार्य हुआ है। छत्तीसगढ़ का ऐसा केन्द्र होगा, जहां कृत्रिम अंग का निर्माण होगा। मानसिक एवं बौद्धिक दिव्यांगता को दूर करने के लिए प्रशिक्षण होगा। उन्होंने बताया कि यहां डिप्लोमा कोर्स की शुरूआत होगी। यहां से बच्चे प्रशिक्षण प्राप्त कर पूरे हिन्दुस्तान में कार्य कर सकते हैं। उसके लिए शासन की मंजूरी दी जाएगी। छत्तीसगढ़ में जयपुर और अन्य स्थानों से कृत्रिम अंग लाया जाता था, उसकी जरूरत नहीं पड़ेगी, उसका निर्माण यहीं होगा। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव एवं इस पूरे क्षेत्र के नागरिक जिनको भी ज्वाइंट की दिक्कत है, फ्रेक्चर, कमर और अन्य अंग में समस्या आने पर उनको चलने में दिक्कत आती है। यह केन्द्र उनके लिए बहुत बड़ा सहारा बनेगा।

#### हितग्राहियों को सौंपी आवास की चाबी

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज स्पीकर हाऊस में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास हितग्राही सम्मेलन में शामिल हुए। इस दौरान सांसद संतोष पाण्डेय, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह एवं अन्य जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी उपस्थित रहे। विधानसभा अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के हितग्राहियों को आवास की चाबी सौंपी एवं आवास के लिए नवीन स्वीकृति वाले हितग्राहियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान किया। विधानसभा अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले सरपंचों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष को कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने प्रधानमंत्री आवास का मॉडल स्मृति चिन्ह स्वरूप भेंट किया।

## साहित्य समिति ने महोबे और जैन को दी श्रद्धांजलि



राजनांदगांव। शहर के शिक्षाविद डॉ. हेमलता महोबे और प्रोफेसर डॉ. चंद्रकुमार जैन को साहित्य समिति ने श्रद्धांजलि दी। साहित्य समिति के अध्यक्ष व साहित्यकार आत्माराम कोशा ने डॉ. हेमलता महोबे सहित साहित्यकार डॉ. चंद्रकुमार जैन के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया। उन्होंने सुश्री महोबे को अपने जीवनकाल में शिक्षा के प्रति अपने कर्तव्यों का भली-भांति निर्वहन करने वाली विदुषी महिला बताया और कहा कि जब भी किसी विषय पर उसे असहजता की स्थिति उत्पन्न हो जाती थी तो उनसे मिलकर जानकारी लेने उनके यहां अवश्य पहुंच जाती थी।

साहित्यकार गिरीश ठक्कर ने सुश्री महोबे के निधन को संस्कारधानी का एक महान शिक्षाविद का खो जाना बताया। इस अवसर पर गिरीश ठक्कर, मानसिंह, ओमप्रकाश, रौशन साहू, मदन मंडावी, पवन पहुंना, डोहरुराम, महादेव हिरवानी, भागवत सिन्हा, दिनेश साहू, मनहरण साहू, मुरलीशरण दास वैष्णव, मुकुन्द साहू, बृजलाल साहू, भुवन साहू, डॉ. एलसी ठाकरे, पन्नालाल जंघेल, सतीश साहू, मुकेश बघेल, संतोष पिल्ले शामिल थे।

# विद्युत विकास कार्यों के लिए मिली 40 करोड़ 82 लाख रुपए की स्वीकृति

- तीनों जिलों के लगभग 2.50 लाख किसानों एवं उपभोक्ताओं को मिलेगा इसका लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के अंतर्गत राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी एवं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में विद्युत विकास कार्यों के लिए 40 करोड़ 82 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिससे इन जिलों के नगरीय एवं ग्रामीण अंचल में नए विद्युत उपकेन्द्रों का निर्माण, नए 33 केव्ही एवं 11 केव्ही लाइनों का निर्माण, विद्यमान विद्युत उपकेन्द्रों की क्षमता आवर्धन तथा अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मरों की स्थापना के कार्यों को अमलीजामा पहनाया जाएगा।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी प्रबंधन द्वारा विद्युत विकास के लिए स्वीकृति इन कार्यों से लगभग 2.50 लाख किसानों एवं उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के राजनांदगांव क्षेत्र के मुख्य अभियंता शिरीष शैलेट ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशन एवं पॉवर कंपनी के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव के मार्गदर्शन में राजनांदगांव क्षेत्र के अंतर्गत मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के तहत राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई एवं मोहला-मानपुर-चौकी जिले के रामाटोला, जरहामहका, सिरसाही, चौथना, डुंडेरा एवं कहडबरी में नए 33/11 केव्ही विद्युत उपकेन्द्रों का निर्माण, लालबहादुर नगर, औंधी, खड़गांव, डुमरटोला, कौड़ीकसा, झूरानदी, पैलीमेटा, धोधा, कुमरदा में विद्यमान उपकेन्द्रों में 3.15 एमव्हीए के अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मरों की स्थापना तथा इंदामरा, हाटबंजारी, अरसीटोला, बिजेभांठा, गैंदाटोला, छुरिया, पनियाजोब, मुसराकला, मेढ़ा, मोहला, बांधाबाजार, दीघवाड़ी, मानपुर, चिल्हाटी, बैहाटोला, लिमो, राहुद, खुज्जी, धोधा, छुईखदान एवं खैरागढ़ में स्थित उपकेन्द्रों के पॉवर ट्रांसफामरों की क्षमता 3.15 एमव्हीए से 5 एमव्हीए में वृद्धि, 106 किमी 33 केव्ही एवं 60 किमी 11 केव्ही की नई लाईनों के कार्यों के लिए 40 करोड़ 82 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है।

विद्युत विकास के लिए स्वीकृति इन कार्यों के पूर्ण हो जाने से लगभग 2.50 लाख किसानों एवं उपभोक्ताओं एवं किसानों को निर्बाध रूप से उच्च गुणवत्ता की विद्युत आपूर्ति प्रदान की जा सकेगी।

# झाड़ीखैरी सरपंच पर कार्रवाई नहीं, ग्रामीणों ने सामूहिक आत्महत्या की दी धमकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ग्राम पंचायत झाड़ीखैरी के ग्रामवासियों ने सरपंच के भ्रष्टाचार मामले में कार्रवाई की मांग की है। कार्रवाई ना होने पर सामूहिक आत्महत्या करने की चेतावनी दी।

इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगांव को सौंपे गए पत्र पर ग्रामीणों ने कहा कि झाड़ीखैरी के सरपंच के भ्रष्टाचार के खिलाफ लगातार 3 वर्षों से शासन-प्रशासन को शिकायत करते आ रहे हैं। उस समय कांग्रेस की सरकार थी और सरपंच को कांग्रेस के शीर्ष नेताओं का संरक्षण मिल रहा था। विगत दो वर्षों तक जांच तक नहीं कराई गई है। पत्र में आगे शिकायतकर्ताओं ने कहा है कि विगत 10 माह से बीजेपी नेताओं के हस्तक्षेप पर विभागीय जांच तहसीलदार द्वारा कराई गई। जिसमें सरपंच के भ्रष्टाचार उजागर हुआ और उस पर 20 लाख रुपए तक की वसूली योग्य राशि निकालकर अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगांव को सौंपी गई, परन्तु 5 माह तक अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगांव उक्त फाइल को दबाए बैठे हैं। अधिकारी अपने अडियल रवैये पर काम कर रहे हैं। जिससे आहत होकर ग्राम झाड़ीखैरी के ग्रामवासियों ने सामूहिक आत्महत्या करने की चेतावनी दी है।

## बलराम किसान संगवारी नियुक्त

सोमनी। ग्राम पंचायत सोमनी द्वारा आयोजित ग्राम सभा की स्थगित बैठक 10 अक्टूबर को आयोजित की गई थी। जिसमें बलराम बंजारे आ. डेरहु बंजारे को सर्वसम्मति से किसान संगवारी (मित्र) का चयन किया गया। सचिव से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त पद हेतु कुल दस आवेदन पत्र पंचायत को प्राप्त हुए थे। उपस्थित आवेदकों ने अपना समर्थन एवं ग्राम सभा सदस्यों ने सर्वसम्मति से चयन किया गया।

## महतारी वंदन योजना बना महिलाओं के लिए सहारा

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना के संबंध में स्थानीय भाजपा नेत्रियों ने कहा कि यह योजना निम्न एवं मध्यम वर्ग की महिलाओं के लिए अनेक दृष्टि से लाभप्रद सिद्ध होकर मुश्किल वक्त का सहारा बन गया है।

स्थानीय भाजपा नेत्री जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू, पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष हेमिन लाउत्रे और जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिक्षा सूर्यकांत भंडारी ने कहा कि आज भी पुरूष प्रधान भारतीय समाज में महिलाओं को छोटी-बड़ी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पुरूषों पर ही निर्भर रहना पड़ता है। आज के दौर में भी कामकाजी महिलाओं द्वारा अपनी मेहनत से किए गए अनेक कार्यों का पैसा भी उनके पिता, पति, ससुर या उनके घर के मुखिया के पास जमा होता है, लेकिन राज्य सरकार के महतारी वंदन योजना की राशि प्रतिमाह संबंधित महिला के खाते में सीधे जमा होने से यह राशि राज्य की महिलाओं के लिए बहुत ही उपयोगी साबित हो रहा है।

आवश्यकता है
1. कम्प्यूटर ऑपरेटर (वेतन 9000/- रुपए) - 3 पद
2. मैनेजर - 1 पद
3. मेकेनिक (अनुभवी को प्राथमिकता) - 2 पद
4. वाहन चालक (वेतन 9000/-, अनुभवी को प्राथमिकता) 4 पद
समस्त दस्तावेज के साथ स्वयं संपर्क करें।
मे. पदमा गैस एजेंसी
मोगरा कालोनी डोंगरगांव

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
वेजर लाइपोसक्शन द्वारा
मोटापे का ईलाज
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

मधुमेह का सर्वोत्तम संस्थान
लाइफवर्थ हॉस्पीटल
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी, ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347
74404 95504
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 19,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
27 अप्रैल से 10 मई 2025, 02 मई से 15 मई 2025
8 मई से 21 मई 2025, 13 मई से 16 मई 2025
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें - 7354411411
राशि:-स्लीपर-19,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

Vedanta Medical Research Foundation
BALCO Medical Centre
बालको मेडिकल सेंटर
(NABH से मान्यता प्राप्त अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल)
रक्त एवं कैंसर रोग विशेषज्ञ द्वारा ओपीडी की सुविधाएं अब कवर्धा में
17 अक्टूबर 2024 | सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक
स्थान : साईं संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, भारतमाता चौक के पास, कवर्धा
डॉ. दिब्येंदु दे (MD, DM)
रक्त रोग एवं बोन मेरो ट्रांसप्लांट विशेषज्ञ
70 से अधिक सफल बोन मेरो ट्रांसप्लांट
यदि आपको इनमें से कोई भी लक्षण है तो आज ही डॉक्टर से मिले
• मुँह या जीभ में घाव या छाले
• स्तन या शरीर के किसी हिस्से में गांठ
• असामान्य रक्तस्त्राव
• बदहजमी और कुछ भी निगलने में समस्या
• लम्बी खांसी
• घाव ना भरना
• बार-बार बीमार पड़ना
• रक्तस्त्राव या चोट लगना
• त्वचा में छोटे लाल धब्बे
• लगातार थकान या कमजोरी
• बिना कोशिश किए वजन कम होना
• बार-बार नाक से खून बहना
अपॉइंटमेंट के लिए कॉल करें : 9301923453
8282823333/4444 नया रायपुर, छ. ग.